तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 15.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




तिफरा सब्जी मंडी रोड का डामरीकरण हो गया है परंतु बिजली के खंभे नहीं हटाए गए हैं। जिससे दुर्घटना की आशंका है।

# कोलकाता- दिल्ली सीधी उड़ान अब हफ्ते में 3 दिन, दो दिन रहेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- समर शेड्यूल जारी, 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक रहेगा शेड्यूल
- सोमवार और शुक्रवार को किसी फ्लाइट की लैंडिंग नहीं

बिलासा एयरपोर्ट से दिल्ली और कोलकाता की सीधी उड़ान 31 मार्च से शुरू हो रही है, समर शेड्यूल जारी होते ही मार्च से अक्टूबर के बीच एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली फ्लाइट के समय सारणी घोषित की जा चुकी है। जिसमें एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया ने बड़ा फेर बदल करते हुए हफ्ते में 5 दिन फ्लाइट शेड्यूल जारी किया है। वहीं सोमवार और शुक्रवार को कोई भी फ्लाइट एयरपोर्ट से उड़ान नहीं भरेगी।

क्षेत्र के लोगों की मांग को देखते हुए आखिरकार दो महानगरों तक सीधी उड़ान की शुरूआत हो चुकी है। एएआई ने गुरूवार को समर शेड्यूल जारी कर दिया है, इस शेड्यूल का इंतजार एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर के साथ ही हवाई उड़ान के यात्रियों को भी रहा है। शेड्यूल के अनुसार हफ्ते में 5 दिन फ्लाइट चलेगी, जबकि सोमवार और शुक्रवार को उड़ान पर ब्रेक रहेगा। वहीं दिल्ली से व्हाया प्रयागराज, जबलपुर कनेक्टिंग फ्लाइट भी बिलासपुर से उड़ान भरेगी, इसके साथ ही अल्टरनेटिव दिनों के लिए कोलकाता और दिल्ली की सीधी उड़ान भी बिलासा एयरपोर्ट को मिल रही है। समर शेड्यूल 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक के लिए जारी किया गया है। खास बात यह है कि कोलकाता के लिए पहली बार फ्लाइट बिलासपुर से चल रही है, सुबह 8.10 मिनट पर बिलासा एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद सुबह 10 बजे कोलकाता पर फ्लाइट लैंड हो सकेगी। यह फ्लाइट बिजनेस, कॉरपोरेट और अन्य व्यवसायियों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

### समर शेड्यूल

| कनेक्टिंग फ्लाइट | दिन |
|---|---|
| बिलासपुर 4.25 से प्रयागराज 5.45 बजे | मंगल, गुरू |
| प्रयागराज शाम 6.10 से दिल्ली 7.5 बजे | मंगल, गुरू |
| दिल्ली सुबह 7.50 से प्रयागराज 9.35 बजे | गुरू, शनि |
| प्रयागराज 10 से बिलासपुर11.20 बजे | गुरू, शनि |
| दिल्ली सुबह 7.50 से जबलपुर 9.55 बजे | मंगल |
| जबलपुर 10.20 से बिलासपुर 11.15 बजे | मंगल |
| बिलासपुर 10.45 से जबलपुर 11.45 बजे | बुध |
| जबलपुर 12.10 से दिल्ली 2.15 बजे | बुध |
| दिल्ली सुबह 7.30 से जबलपुर 9.35 बजे | रवि |
| जबलपुर 10.20 से बिलासपुर 11.15 बजे | रवि |
| बिलासपुर 11.40 से जबलपुर 12.40 बजे | रवि |
| जबलपुर 1.05 से दिल्ली 3.10 बजे | रवि |
| **डायरेक्ट फ्लाइट** | |
| दिल्ली दो 1.30 बजे से बिलासपुर 4 बजे | मंगल, गुरू |
| बिलासपुर 11.45 से दिल्ली 14.15 बजे | गुरू, शनि |
| बिलासपुर 11.40 से दिल्ली 13.45 बजे | मंगल |
| दिल्ली सुबह 7.30 से बिलासपुर 10 बजे | बुध |
| कोलकाला सुबह 5.55 से बिलासपुर 7.45 | मंगल, गुरू, शनि |
| बिलासपुर सुबह 8.10 से कोलकाता 10 | मंगल, गुरू, शनि |



### तैयारी पूरी कर ली गई है

समर शेड्यूल का इंतजार किया जा रहा था, फ्लाइट का शुभारंभ पहले ही किया जा चुका है, ऐसे में 31 मार्च से सभी फ्लाइट चलेगी, तैयारी पूरी कर ली गई है।

-एनबी सिंह, डायरेक्टर, बिलासपुर एयरपोर्ट

### हैदराबाद का जिक्र नहीं

बिलासपुर से अंबिकापुर और जगदलपुर के साथ ही हैदराबाद के लिए सीधी उड़ान के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन समर शेड्यूल में इसक जिक्र नहीं है हालांकि आने वाले दिनों में इसके लिए भी प्रावधान किया जा सकता है, वैसे भी बिलासपुर से सोमवार और शुक्रवार को एक भी फ्लाइट नहीं है। ऐसे में जानकारों के अनुसार बिलासपुर से अंबिकापुर, जगदलपुर और हैदराबाद के लिए फ्लाइट इन्हीं दिनों में मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी एसडीओ को कलेक्टर ने दिया नोटिस

**बिलासपुर।** लोकसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य कार्य से इनकार करने पर पीडब्ल्यूडी एसडीओ तखतपुर प्रियंका मेहता को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवनीश शरण ने नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती प्रियंका को लोकसभा चुनाव में व्यय अनुवीक्षण के लिए निर्धारित चेक पोस्ट पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तखतपुर ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि श्रीमती प्रियंका द्वारा निर्देशों की अवहेलना करते हुए निर्धारित चेकपोस्ट पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं की गई थी। श्रीमती प्रियंका का यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28 क के प्रावधान के विरूद्ध है।

### 15 हजार घरों में नही पहुंचा पानी

**बिलासपुर।** शहर की सबसे बड़ी कुदुदण्ड पानी टंकी से गुरूवार शाम को सप्लाई बंद कर दी गई है। इसके चलते 15 हजार घरों में पानी नहीं पहुंचा। जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी ने बताया कि अगामी 24 मार्च तक इस पानी टंकी से सप्लाई बंद रहेगी। क्योंकि अमृत मिशन के तहत यहां काम चल रहा है। अब तक इस टंकी को बोर के सहायता से भरा जाता था। लेकिन अब खूंटाघाट से जो पानी आ रहा है, उससे टंकी भरने की तैयारी है। यहा टंकी का कनेक्शन अमृत मिशन के पाइप लाइन से किया जा रहा है। ऐसे में 21 मार्च शाम से पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है। 24 मार्च तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 24 मार्च की शाम तक इस टंकी से पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

### मौसम हुआ साफ, पारा 31 डिग्री पहुंचा

**बिलासपुर।** चार दिनों से आंधी बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब मौसम साफ हो गया है। गुरूवार को सुबह से ही धूप निकली हुई थी। हालंकि हवाओं में ठंडक रही। बिलासपुर में दिन का तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 6 डिग्री कम था। इधर न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री रहा जो सामान्य से 5 डिग्री नीचे रहा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण से आने वाली हवाओं के प्रभाव कम होने के कारण प्रदेश में 22 मार्च को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में क्रमशः लगातार वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के दक्षिणी छोर में आंशिक रूप से बादल रह सकते हैं।

### निर्वाचन आयोग से सहायक संचालक राय की शिकायत

**बिलासपुर।** शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय में पिछले 5 साल से प्राचार्य सहायक संचालक बनकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे में उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत की गई। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर तबादला के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई से अवगत करने कहा है। दरसल संभागीय शिक्षा कार्यालय में पिछले पांच सालों से सहायक संचालक प्रशांत राय जमे हुए हैं। ऐसे में चुनाव आयोग के नियम अनुसार 3 साल से अधिक समय से एक ही जगह में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी को हटाया जाना है। सहायक संचालक प्रशांत राय के खिलाफ कर्मचारी संघ के नरेश बंजारे, संतोष शुक्ला और विनोद त्रिपाठी ने शिकायत की है। चुनाव अधिकारी ने शिक्षा सचिव को कार्यवाही के संबंध में अवगत कराने कहा है। जिसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने संयुक्त संचालक बिलासपुर आरपी आदित्य को पत्र लिखते हुए शिकायत की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने कहा है।

## नवी मुंबई की तर्ज पर बेडमिंटन और बास्केटबॉल कोर्ट बनवाया गया

# ओवरब्रिज के नीचे बना प्ले ग्राउंड शुरू नहीं हो पाया, बन गया नशेड़ियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे नगर निगम ने लाखों रूपए खर्च कर बच्चों के खेलने के लिए स्माल प्ले ग्राउंड बनवाया था। लेकिन ये प्ले ग्राउंड शुरू नहीं हो पाया, लेकिन अब यहां फिर बेजाकब्जा कर लिया गया है, यह स्थान नशेड़ियों का अड्डा भी बन गया है।

नवी मुंबई में फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे खाली जमीन को नेट से घेरकर क्रिकेट खेलते बच्चों का वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद नगर निगम ने इस तर्ज पर उसलापुर फ्लाई ओवरब्रिज के नीचे ग्राउंड बनाने की पहल की थी। यहां जाली से घेरा बनाकर, कांक्रीटीकरण करने के बाद बास्केटबॉल और बेडमिंटन का प्ले ग्राउंड भी बना और लाखों रूपए खर्च कर पूरे ब्रिज में खेल और खिलाड़ियों की आकर्षक पेंटिंग बनवाई गई, लेकिन बाद में यहां निगम अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया और बच्चों का खेल शुरू ही नहीं हो पाया।



उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे बनाया गया प्ले ग्राउंड।



### सड़क निर्माण के बाद शुरू होगा प्ले ग्राउंड

नगर निगम के सहायक इंजीनियर गोपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में महावीर नगर सड़क का निर्माण हो रहा है। इसके चलते ओवरब्रिज के नीचे बने बास्केट बॉल और बेडमिंटन प्ले ग्राउंड बनने के बाद भी शुरू नहीं किया गया है। सड़क निर्माण के बाद प्ले ग्राउंड को खोला जाएगा, इससे इस क्षेत्र के बच्चों को नई सुविधा मिलेगी।



### बेजा कब्जा हटाया जाएगा

उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे जो प्ले ग्राउंड बनाया गया था, यदि उसमें खेल नहीं हो पाएगा तो वहां के समान का उपयोग दूसरी जगह किया जाएगा। साथ ही अवैध बेजा कब्जा हो भी हटाया जाएगा।

-अमित कुमार, आयुक्त नगर निगम बिलासपुर

### 1 अब खाली जगह पर लग रहे ठेले

अब यहां के प्ले ग्राउंड में खेल तो शुरू नहीं हो पाया लेकिन ओवरब्रिज के नीचे खाली जमीन में बेजा कब्जा, अवैध निर्माण हो गया है। ओवर ब्रिज के नीचे अभी कई ठेले, दुकानें लग रही हैं। रात होते ही यह जगह नशेड़ियों का अड्डा हो जाता है। यहां शराब खोरी भी होती है। जिसके चलते रात में स्टेशन आने-जाने वालों को परेशानी का सामना और लूटपाट का खतरा बना रहता है।

### 2 तिफरा फ्लाइओवर के नीचे कबाड़

एक ओर उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे का यह हाल है, तो दूसरी ओर तिफरा फ्लाइओवर के नीचे रेलवे ट्रैक के पास आखरी छोड़ में खाली जमीन पर कबाड़ी दुकान वाले का समान और ट्रांसपोर्टर का अवैध कब्जा होता जा रहा है। यहां फ्लाइओवर के नीचे पुराने वाहनों को रख दिया गया है। जिसके चलते पुल के नीचे से आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 3 ब्रिज नीचे के गार्डन के पौधे सूखे

उसलापुर के साथ ही निगम ने तिफरा फ्लाइओवर के नीचे भी लाखों रूपए खर्च किया था और यहां मॉर्डन गार्डन बनाने के साथ ही लाइटिंग और फूलों के पौधे लगाए थे। लेकिन देखरेख के अभाव में यहां पौधे सूख चुके हैं। रंगरोगन फीका हो गया है। जनवरों से पौधों को बचाने लगाया गया फेंसिंग टूटने के साथ ही अब चोरी होने लगा है।

# प्रेमी की दो गर्लफ्रेंड फोन कर परेशान कर रही थीं, छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रेमी की दो गर्लफ्रेंड लगातार फोन लगाकर परेशान कर रही थीं, जिससे त्रस्त होकर शहर में पढ़ने आई तीसरी प्रेमिका छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस सुसाइड नोट जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रायगढ़ जिला के लैलुंगा निवासी 22 वर्षीय युवती गंगानगर में परिचित अम्बिकापुर के इंजीनियर के घर में रहकर घरेलू काम करती थी। इसके अलावा वह बीएड की पढ़ाई कर कम्प्यूटर की कोचिंग कर रही थी। बुधवार की रात छात्रा इंजीनियर के परिवार के सदस्यों के साथ घर में थी। रात 11 बजे इंजीनियर ने काम के लिए आवाज देकर छात्रा को बुलाया। आवाज नहीं आने पर वे कमरे में गए तो उसकी फांसी पर लटकी लाश मिली। जिससे घरवाले घबरा गए और घटना की जानकारी सिविल लाइन पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतका के परिजन को सूचना दी। परिवार के लोगों ने वहां आने के बाद आगे की कार्रवाई करने कहा गया। रात में कमरे को सील कर दिया गया था। परिजन के आने पर पुलिस ने उनकी उपस्थिति में कमरे से फंदा खोलकर छात्रा को नीचे उतारा। उसके बाद कमरे की तलाशी लेने पर एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### फेसबुक से हुई थी दोस्ती

मृतका ने सुसाइड नोट में प्रेमी घरघोड़ा निवासी युवक की पुरानी गर्लफ्रेंड द्वारा लगातार फोन कर परेशान करने से आत्महत्या करना और आत्महत्या के लिए दोनों युवतियों को जिम्मेदार बताया है। दोनों युवतियां धरमजयगढ़ व मनेन्द्रगढ़ की रहने वाली हैं। प्रेमी ने पहले दोनों युवतियों को गर्लफ्रेंड बनाया था। उसके बाद फेसबुक के माध्यम से मृतका से दोस्ती कर ली थी। पुलिस सुसाइड नोट व मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है।



घटनास्थल की जांच करती पुलिस।

### सुसाइड नोट मिला है

इंजीनियर के घर में रहकर पढ़ाई करने वाली छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुसाइड नोट मिला है, जिसमें प्रेमी की पुरानी दो गर्लफ्रिंड के द्वारा फोन में परेशान करने व आत्महत्या के लिए दोनों युवतियों को जिम्मदार होने की बात लिखी है। सुसाइड नोट जब्त कर जांच की जा रही है।

-उमेश कश्यप एडीशनल एसपी सिटी

## शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट कर मुनाफा कमाने का दिया झांसा

# 40 करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में आफिस खोलकर शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 35 से 40 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले फर्जी कंपनी के प्रोप्राइटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया, लंबे समय से तालापारा किम्स हास्पिटल के पास सांई कृष्णा इंवेस्टमेंट का आफिस चल रहा था। उसका प्रोप्राइटर विनायक कृष्णा रात्रे है। कंपनी के द्वार लोगों को झांसा दिया गया कि कंपनी के माध्यम से शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर मोटी रकम मिलेगी। बिलासपुर, रायपुर के अलावा आसपास के लोगों ने कंपनी में मोटी रकम इंवेस्ट कर दिया। पहले तो कंपनी के द्वारा लोगों को मुनाफा की राशि दी गई। उसके बाद पैसा देने के लिए गुमराह करते हुए वे घुमाने लगे। पीड़ित लोगों ने कंपनी के खिलाफ उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत की। सिविल लाइन सीएसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने कंपनी में जाकर दस्तावेजों की जांच की। जांच में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर प्रोप्राइटर विनायक कृष्णा रात्रे को रायपुर निवासी शिक्षक नरेन्द्र दुबे की रिपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस द्वारा फर्जी कंपनी से जब्त किए गए दस्तावेज व गिरफ्तार आरोपी।

### फर्जीवाड़े के पैसे से कर रहा था ऐश

लोगों के द्वारा जमा की गई रकम से आरोपी आलीशान जिंदगी जी रहा था। लोगों को वह थाईलैंड, गोवा ट्रैवल पर जाने का आफर देता था। उसने लगभग मई 2023 से अब तक लगभग 35 से 40 करोड़ रुपए का गबन किया है। बताया जाता है जनवरी 2021 से वह कार्यालय चल रहा है।उसकी फर्जी कंपनी में रुपया लगाने वालों में पटवारी, शिक्षक, सरकारी कर्मचारियों से लेकर उद्योगपति तक शामिल हैं। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस के पास शिकायत करने वालों की लाइन लगने लगी है।

### 43 बदमाशों पर होगी जिलाबदर की कार्रवाई, शीघ्र होगा प्रतिवेदन पेश

जिले में गुंडागर्दी करने अशांति फैलाने वाले 43 बदमाशों की कुंडली बना ली गई है। शीघ्र ही उन्हें जिलाबदर करने के लिए कलेक्टर कार्यालय में प्रतिवेदन पेश किया जाएगा। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने पुलिस ने गुंडागर्दी कर जिले में अशांति फैलाने वाले बदमाशों की कुंडली थानेदारों के बनाई जा रही है। लगभग 43 बदमाशों को जिलाबदर करने के लिए उनका रिकार्ड बनाकर रख लिया गया है। शीघ्र ही उनके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई के लिए कलेक्टोरेट में प्रतिवेदन भेज दिया जाएगा। गुरूवार को एक दिन में लगभग 50 बदमाशों व फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि जिले में 43 बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई करने प्रतिवेदन तैयार कर लिया गया है। शीघ्र प्रतिवेदन कलेक्टोरेट कार्यालय में पेश कर दिया जाएगा। एक दिन में गुंडागर्दी करने वाले, पूर्व में चाकूबाजी करने वाले व अवैध शराब बेचने वाले 50 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

### ग्रामीण से 800 रुपए वसूली करने वाले दो आरक्षक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र में शराब दुकान से 4 पाव देशी शराब खरीदकर जा रहे ग्रामीण को दो आरक्षकों ने डरा धमकाकर 800 रुपए वसूल लिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 17 मार्च को कोनी चुमकवा निवासी कार्तिकराम नेताम पिता श्याम लाल नेताम, मनीराम नेताम, राजेश नेताम के साथ रानी गांव बाजार गए थे। तीनों रतनपुर खण्डोबा झेझर शराब भठ्ठी में 4 पाव देशी शराब खरीदकर वापस घर जा रहे थे। शराब भठ्ठी के सामने शाम 6 बजे पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक राजेश साहू, रवि वानखेडे वर्दी में आए और आचार संहिता लगी है, चलो थाना बोलकर 800 रुपए जबरन ले लिया। पुलिस ने श्री नेताम की रिपोर्ट पर धारा 384, 34 के तहत दोनों आरक्षकों को गिरफ्तार कर लिया है। खबर है कि दोनों आरक्षकों के द्वारा शराब दुकान के पास जमकर उ त्पात मचाया गया था और पीड़ित ग्रामीण से नकद रकम वसूली कर मोबाइल लूट लिया गया था।किन्तु पुलिस ने लूट का मामला नहीं बनाया है।

## खबर संक्षेप

### पीएनबी परिवार के साथ बिताए गए पल मेरी अमूल्य धरोहर : मिलिंद



**बिलासपुर।** पंजाब नेशनल बैंक बिलासपुर में 38 वर्षों की सुदीर्घ सेवाओं के बाद बैंक से सेवानिवृत्त हुए मिलिंद खानखोजे, वंदना खानखोजे व तनय खानखोजे द्वारा यादगार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ झारखंड के अंचल प्रमुख वी श्रीनिवास, उपअंचल प्रमुख पी अरुण कुमार राव, रायपुर मंडल प्रमुख मनोज कुमार रे, प्रभारी मंडल प्रमुख श्यामप्रकाश वर्मा, पीएलपी प्रमुख सौभाग्य बारीक, शैलेन्द्र खजांची, आर आर सिंह, एस एन चावड़ा, ग्राहक अर्जन केंद्र के वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल सहित रायपुर की वी धारिणी, अल्पना वर्मा, अदिति श्रीवास्तव, श्वेता शर्मा, नेहा सिन्हा, सलोनी झा, अमृता, अनामिका चंद्रा, श्वेता, स्मिता, मीतुश्री, अर्चना मुख्यप्रबन्धक राजेश कुमार, कमल किशोर, विवेक शर्मा, दीपराज, अशोक मल्होत्रा, आशीष सिंहा, अखिलेश पांडेय, अभिजीत श्रीवास्तव, प्रीतम सिंह सलूजा, गौरव सिंह, विवेक कुमार मेलुराम कर्मवीर, ओमी वर्मा, दीपक साहू, अविनाश तिग्गा, पंकज पांडेय सहित बिलासपुर मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री मिलिंद, वंदना खानखोजे व तनय खानखोजे ने पीएनबी परिवार के साथ बिताए गए सुखद पलों को याद किया।

### स्काउट के राज्य मुख्य आयुक्त ने ली बैठक, अनुशासन पर दिया जोर



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित राज्य मुख्यालय में जिला संगठन आयुक्त एवं सहायक जिला संगठन आयुक्त की समीक्षा बैठक 20 मार्च को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने की। बैठक में राज्य के समस्त जिलों से आए जिला संगठन आयुक्तों ने कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। पंजीयन- अंशदान, पंजीकृत व अपंजीकृत विद्यालयों की जानकारी, जिले में स्थित शासकीय, अशासकीय विद्यालयों से संपर्क, जिला स्तर की गतिविधियों, मेंबरशिप ग्रोथ प्रोजेक्ट सहित अन्य क्रियाकलापों पर चर्चा की गई। डॉ सोमनाथ ने जिला संगठन आयुक्तों को स्काउट आंदोलन के कार्य को और व्यवस्थित करते हुए कसावट लाने कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गतिविधि में स्काउटिंग की झलक और गुणवत्ता दिखनी चाहिए। उन्होंने अनुशासन पर खास जोर दिया। 9 अप्रैल को सभी जिलों में एक साथ प्याऊ प्रारंभ करने तथा पशु- पंछियों के लिए दाना- पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। राज्य सचिव कैलाश सोनी ने भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) टीकेएस परिहार, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) डा. करूणा मसीह, स्टेट कोआर्डिनेटर (मेंबरशिप ग्रोथ) मोहम्मद सादिक शेख, स्टेट कोआर्डिनेटर (मेंबरशिप ग्रोथ रोवर विभाग) उदय मुकादम मौजूद थे।

### रामलला के अलौकिक रूपों का दर्शन कर शहर लौटे भक्तों का स्वागत



**बिलासपुर।** श्रीरामलला का दर्शनकर अयोध्याधाम से लौटे रामभक्तों का बिलासपुर रेलवे स्टेशन एवं मोहल्लेवासियों ने भव्य स्वागत किया। वार्ड क्र. 60, श्री सिद्ध मुनिबाबा गली जबड़ापारा से अयोध्याधाम एवं वाराणसी से बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर लौटे रामभक्तों ने देश–प्रदेश एवं मोहल्लेवासियों कीकुशलता की कामना की। रामभक्तों ने बताया कि रामलला की मूर्ति जीवंत है, उनके दर्शन करने से दिव्य लौकिक की अनुभूति होती है। ऐसा लगता है जैसे रामलला मुस्कुराते हुए अब स्वयं कुछ कहेंगे। भक्तों ने बताया कि अयोध्या में रामलला दर्शन के लिए शासन द्वारा बहुत सारी सुविधाएँ प्रदान की है जैसे रास्ते में ट्रैफिक व्यवस्था, साफ–सफाई, रास्ते में जगह–जगह पीने के लिए स्वच्छ जल, शासन–प्रशासन का आत्मीय सहयोग एवं सुरक्षा सराहनीय है। श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के अन्तर्गत इस समय देशभर में श्रद्धालुओं को अपने खर्चे पर अयोध्या में विराजमान श्रीरामलला के दर्शन कराने का कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा इस कार्य के लिए ट्रेन चला रही है। जिसमें सारी सुविधाएँ प्रदान की गई है। दर्शन लाभ प्राप्त करने वालों में बिलासपुर से बदलू सिंह ठाकुर, मनहरणलाल श्रीवास, गणेश राजपूत, सुनील साहू, राजकुमार यादव, दीपक मिश्रा, नम्रता मिश्रा, माया ठाकुर, ममता ठाकुर, हरेन्द्र तिवारी, परमानंद साहू, रामसिंह ठाकुर, शिश शर्मा, गायत्री शर्मा, कुंती ठाकुर, देहुति ठाकुर, किरण घाटगे, विष्णु सिंह राजपूत आदि रामभक्त अयोध्या रामलला दर्शन करने गए थे।

### महिला स्व सहायता समूह की दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली



**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम "स्वीप" के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समूह की दीदियों के साथ ही बड़ी में संख्या अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक सहित ग्रामीण इस अभियान से जुड़ रहे हैं। तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गनियारी में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। समूह की दीदियां बड़े उत्साह के साथ इस रैली में शामिल हुई। निर्वाचनों में मताधिकार के उपयोग करने की शपथ भी ली। स्व सहायता समूह की दीदियों के साथ आम नागरिकों ने भी चुनाव में मतदान का शपथ लिया। हॉफ वे होम में लोगों ने मतदान संबंधी चित्र बनाया। समूह की दीदियों ने रंगोली के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान का संदेश दिया।

# बोर्ड परीक्षा: मूल्यांकन के लिए 2 हजार 200 शिक्षकों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 23 से महारानी और मल्टीपर्पज स्कूल में बोर्ड की कॉपियां जचेंगी

अप्रैल में संभावित लोकसभा चुनाव के चलते इस बार बोर्ड परीक्षा गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष होली से पहले ही खत्म हो गई , ताकि अप्रैल में परिणाम घोषित किया जा सके, इसलिए 23 फरवरी से मूल्यांकन कार्य शुरू किया जा रहा है। इधर, मूल्यांकन कार्य में मंडल ने कई ऐसे शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी है, जिन्होंने पिछली बार गलत मूल्यांकन किया और पुनमूल्यांकन में बच्चों के 40 से 50 नंबर तक बढ़ गए। ऐसे में उन्हें 3 साल तक मूल्यांकन कार्य से अलग रखने का निर्देश भी मंडल ने ही



दिया था। लेकिन इसबार फिर ऐसे दर्जनभर शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के लिए लगा दी गई है। 23 मार्च से 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन महारानी लक्ष्मीबाई और मल्टीपर्पज स्कूल में शुरू होगा इस बार 2200 शिक्षकों की कॉपी जांचने के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

#### 10 और 11 रुपए प्रति कापी मिलेंगे

मूल्यांकनकर्ताओं को 10 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रति कापी जांचने पर 10 रुपए और 12 वीं की कॉपी जांचने 11 रुपए मिलेंगे। जबकि एमपी में 10 वीं की प्रति कापी 15 और 12 वीं की कापी जांचने के लिए 16 रूपए दिए जा रहे हैं। ऐसे में शिक्षक शासन से मूल्यांकन शुल्क बढ़ाने की मांग भी संघ के माध्यम से कर रहे हैं। इस बार मूल्यांकनकर्ता द्वारा कापी जांचने में गलती की जाती है और कम या अधिक अंक दिए जाते हैं तो प्रति अंक के लिहाज से राशि काटने की भी बात अफसर कर रहे हैं।

#### 1.30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं की होगी जांच

जिले के छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिका दूसरे जिलों में भेजी गई है। इसी तरह दूसरे जिले से बिलासपुर में भी उत्तर पुस्तिका पहुंच गई है। 23 से 30 मार्च तक पहले चरण में 1.30 लाख उत्तर पुस्तिका की जांच होगी। इसके बाद 31 मार्च से दूसरे चरण का मूल्यांकन होगा। 10 अप्रैल तक कॉपी जांचने का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसलिए जिन कक्षों में मूल्यांकन कार्य होगा, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए हैं। परिसर में पुलिस का पहरा भी रहेगा।

#### नहीं आने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

23 मार्च से मल्टीपर्पज और महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होगी। मंडल ने शिक्षकों की ड्यूटी जांच के लिए लगाई है। जो शिक्षक मूल्यांकन में नहीं पहुंचेगा उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

**- संगीता गंगोत्री**, संभागीय अधिकारी माशिमं बिलासपुर।

### 5 कबड्डी कोर्ट बनाने में ठेकेदार और अधिकारी बरत रहे लापरवाही

# कबड्डी मैदान: नौ दिन चले अढ़ाई कोस सुस्त गति से चल रहा निर्माण कार्य



बहतराईस्टेडियम में चल रहा कबड्डी कोर्ट का निर्माण कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 3 साल पहले मिली थी प्रशासनिक स्वीकृति

120 करोड़ के बहतराई स्टेडियम में चल रहे कबड्डी कोर्ट निर्माण की गति काफी सुस्त है, ठेकेदार और अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी और भुगतान में विलंब के कारण निर्माण पूरी तरह से बंद हो चुका है। वही खेल विभाग भी चुप्पी साधे बैठा हुआ है। बहतराई स्टेडियम पीडब्ल्यूडी और खेल विभाग के लिए सफेद हाथी हो चुका है, जिसमें निर्माण कार्य खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, वहीं अधिकारी इतने बड़े प्रोजेक्ट को संभालने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं, यही कारण है कि यहां निर्माण कार्य की गति धीमी है। 3 साल पहले खेल विभाग बहतराई स्टेडियम में कबड्डी मैदान बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति ले चुका था, पीडब्ल्यूडी द्वारा 26 मई 2023 को परिसर में कबड्डी मैदान बनाने का ठेका किया गया है, जिस पर 4 करोड़ 80 लाख से निर्माण कार्य जारी है, लेकिन यह निर्माण कार्य काफी सुस्त गति से चल रह है, यही कारण है कि साल भर में निर्माण की तेजी नहीं दिख रही है। बताया जा रहा है कि फंड की कमी और अधिकारियों के रवैये के चलते निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है, ठेकेदार को भुगतान रूकने के बाद उसने काम करने से मना कर दिया है, जिसके बाद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

#### खिलाड़ियों में निराशा

राष्ट्रीय स्तर पर भले ही कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय प्रतियोगिता नहीं के बराबर होती है। जहां बहतराई स्टेडियम से कबड्डी मैदान का इंतजार क्षेत्र के दिग्गज खिलाड़ी कर रहे हैं, वहीं पीडब्ल्यूडी और खेल विभाग की उदासीनता से खिलाड़ियों में निराशा हावी हो रही है। बताया जा रहा है कि इनडोर पर 2 कोर्ट और आउटडोर पर 3 कोर्ट बनाए जाएंगे। जहां एक समय में यहां 3 कबड्डी के मुकाबले हो सकेंगे।

#### फंड की कमी है

फंड की कमी थोड़ी है , हाल ही कुछ फंड आया था जिसपर भुगतान किया गया है, ठेकेदार द्वारा काम रोकने की जानकारी नहीं है।

-एके चौरसिया, ईई, पीडब्ल्यूडी

### प्राथमिक उपचार के साथ मिलेगी दवा की सुविधा



झूलाघर में बच्चों को दुलार करते चीफ जस्टिस श्री सिन्हा।

## चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया नए चिकित्सालय कक्ष का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- झूला घर में बच्चों के लिए रखे गए आकर्षक खिलौने

छग उच्च न्यायालय के विस्तार भवन में नवीन चिकित्सालय कक्ष व बच्चों के झूलाघर का 21 मार्च को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि श्री सिन्हा नियम रूप से उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालयों के भौतिक निरीक्षण करते रहे हैं।

न्यायियक कार्य व्यवस्था में सुधार व अधिकारियों कर्मचारियों के लिए कार्य के बेहतर वातावरण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इसी कड़ी में 21 मार्च को उनके द्वारा नवीन चिकित्सालय कक्ष व बच्चों के झूलाघर का उद्घाटन किया गया। इस चिकित्सालय कक्ष में चिकित्सकों की पदस्थापना के साथ ही प्राथमिक उपचार व दवाओं की पूरी सुविधा होगी। चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने नवीन साज सज्जा व सुविधाओं के साथ बच्चों के वातानुकूलित झूलाघर का उद्घाटन किया। इसमें अलग अलग आयु वर्ग के बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न प्रकार के खिलौने रखे गए हैं। इसके साथ ही दीवारों पर बच्चों के लिए आकर्षक साज सज्जा की गई है। पृथक से एक फीडिंग रूम तथा किचन स्थापित करते हुए बच्चों के लिए विभिन्न खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। उदघाटन अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल व अन्य न्यायिक अधिकारी, ज्यूडिशियल एकेडमी के न्यायिक अधिकारी, रजिस्ट्री के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। विदित हो कि उच्च न्यायालय में आने वाले लोगों के साथ उनके बच्चे भी साथ आते हैं उनके खेलने के लिए यहां झूला घर की व्यवस्था की गई है ताकि केस की कार्रवाई के दौरान पक्षकार शांतिपूर्वक कोर्ट जा सकें।

## आईएमए ने सीएम से मिलकर बताई प्रदेश के अस्पतालों व चिकित्सकों की समस्या



**बिलासपुर।** प्रदेश आईएमए का एक प्रतिनिधिमंडल डा. अशोक त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष , डा. केतन शाह उपाध्यक्ष हास्पिटल बोर्ड राज्य इकाई, डा. विमल चोपड़ा, डा. सुरेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के अस्पतालों एवं चिकित्सकों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्हें आयुष्मान योजना अंतर्गत भुगतान के बारे में बताया कि भुगतान के विलंब और अभाव में कई छोटे अस्पताल बंद होने के कगार पर हैं। इस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी से जानकारी ली की आयुष्मान योजना के तहत 234 करोड़ रुपए जारी कर दिया गया है बचा हुआ 500 से 600 करोड़ रुपए जितना भी जल्दी हो वित्त विभाग से प्राप्त होती है जारी कर दिया जाएगा। श्री साय ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से बात करते हुए तत्काल निर्णय लेते हुए बचे हुए भुगतान की व्यवस्था करने कहा। इसके अलावा आयुष्मान योजना के ट्रस्ट स्वरूप संचालन जारी रखने। आगामी बजट में योजना की लोकप्रियता के अनुरूप आबंटन बढ़ाने, इलाज की दरों को पुनः निर्धारित करने, योजना में पारदर्शिता लाने के लिए डीबीटी डायरेक्टर बेनेफिट ट्रांसफर व्यवस्था लाने का सुझाव दिया। आईएमए एवं अस्पतालों को योजना समितियों में प्रतिनिधित्व देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में डा. शैलेष खंडेवाल, डा. अखिलेश दुबे आदि मौजूद थे। यह जानकारी डा. संदीप तिवारी व डा. सुरेन्द्र शुक्ला ने दी।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल होंगे सोमनाथ

**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के द्वारा 48 वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 22 मार्च को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बिलासा कला मंच के संस्थापक डा सोमनाथ यादव अतिथि वक्ता के रूप में शामिल होंगे। डा सोमनाथ यादव की अब तक विभिन्न विषयों पर आधारित खासकर लोकसाहित्य पर 18 से अधिक किताबें प्रकाशित हो चुकी है। डा सोमनाथ छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति रावत नृत्य, बांसगीत गाथा और लोरिक चंदा पर व्याख्यान देंगे। यह समारोह भोपाल स्थित शैलकला धरोहर सभाकक्ष में होगी।

## कोनी मतगणना स्थल का कलेक्टर व एसपी ने किया दौरा, व्यवस्था का लिया जायजा

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया। इंजीनियरिंग कॉलेज में इस बार भी स्ट्रांग रूम के साथ ही सामग्री वितरण एवं मतगणना का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने भवन के भीतर और बाहर की जाने वाली विभिन्न जरूरी व्यवस्थाओं के लिए स्थल चिन्हांकन किया और तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। पूरी चुनाव प्रक्रिया गरमी के मौसम में हो रही है, इसलिए तेज गरमी से बचाव के अनुरूप बैठक व्यवस्था बनाई जा रही है। कलेक्टर ने इस बार के प्रस्तावित बदलाव के बारे में सुझाव लिए। उन्होंने प्रस्तावित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने प्रेक्षक कक्ष, बैरिकेडिंग, सुरक्षा, सामग्री वितरण एवं वापसी काउंटर, पार्किंग, मीडिया, सामग्री मिलान स्थल, केन्टीन आदि का आंकलन किया। विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी संबंधित अधिकारियों को चुस्त-दुरूस्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान, एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, एडिशनल एसपी अर्चना झा, पीडब्ल्यूडी ईई सीके पाण्डे, एसडीओ ईएण्डएम ऋषि गुप्ता तैयारी से जुड़े तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



अधिकारियों से चर्चा करते कलेक्टर।

### कांग्रेस के जिला व शहर अध्यक्ष ने लगाया आरोप

## मोदी सरकार ने कंपनियों पर छापा मरवाकर लिया चंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इलेक्टोरल बांड एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर इओडब्ल्यू द्वारा एफआईआर मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा है कि चुनावी चंदा घोटाला के लिए भाजपा की मान्यता रद्द की जानी चाहिए, उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार ने कंपनियों पर ईडी, सीबीआई से छापा मरवाकर भाजपा के लिए चंदा वसूला है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि यह देश का अब तक का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला है। मोदी सरकार ने व्यवसायिक संस्थानों को केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से डरवाकर छापे मरवाकर गलत कार्रवाई करवाकर इलेक्टोरल बांड के माध्यम से वसूली करवाया। इसके अलावा जिन कंपनियों ने भाजपा को चंदा दिया, उनको करोड़ों रुपए का ठेका दिया गया है। इलेक्टोरल बांड से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद यह साफ हो गया कि भाजपा ने अपने आर्थिक लाभ के लिए सारा षडयंत्र किया। 2019 के बाद से भाजपा को 6 हजार करोड़ रुपए से अधिक का दान मिला है। भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हफ्ता वसूल किया और कंपनियों को चुनावी ट्रस्टों के माध्यम से भाजपा को दान देने के लिए मजबूर किया गया था। इलेक्टोरल बांड घोटाला भाजपा कि बदनीयति भ्रष्ट्राचार का सबसे बड़ा सबूत है, भाजपा ने ईडी आईटी सीबीआई को अपना चंदा वसूली एजेंट बना दिया था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ ईडी के पत्र के आधार पर ईओडब्ल्यू द्वारा लिखी गई एफआईआर पर कांग्रेस ने सवाल खड़ा किया है। ईडी की जांच और ईओडब्ल्यू के एफआईआर में राजनैतिक षडयंत्र साफ दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले ही यह एफआईआर क्यों दर्ज की गई और ईडी की सारी कार्यवाहियों की टाइमिंग भाजपा के राजनैतिक लाभ पहुंचाने वाली ही क्यों होती है।



### जनता ने मोदी की गारंटी पर जताया विश्वास : अमर

## भाजपा सरकार ने 100 दिन में पूरे किए अपने वादे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। इस अवसर बिलासपुर के लोकसभा चुनाव कार्यालय में लोकसभा कलस्टर प्रभारी एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि सौ दिन की अल्प अवधि में ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने चुनाव में किए गए अपने सभी बड़े वायदों को पूरा करने में सफलता पाई है।

लोकसभा कलस्टर प्रभारी विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में हम मोदी जी की गारंटी लेकर जनता के समक्ष गए थे और जनता ने मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए हमे अपना भरपूर समर्थन दिया था। हमारी सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदों पर प्रतिबद्ध है, जिसके प्रमाण प्रदेश की जनता के सामने प्रत्यक्ष है। हमने चुनाव में वायदे किए कि प्रदेश में हमारी सरकार बनते ही पहली केबिनेट में ही अटके हुए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास जिनकी कांग्रेस सरकार ने स्तरहीन राजनीति और वित्तीय कुप्रबंधन की वजह के कारण उपेक्षा की गई थी, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कैबिनेट ने पहले हस्ताक्षर करते हुए 12000 करोड़ की राशि जारी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने बिलासपुर प्रवास पर यहां के जनमानस से अपील की थी कि डबल इंजन की सरकार बनते ही किसानों को दो साल का बकाया बोनस और 3100 रुपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी 13 दिसंबर को हमारी सरकार बनी और 25 दिसंबर को देश के अभूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई जयंती वाले दिन मोदी जी की गारंटी पर अपनी घोषणा पर मुहर लगाते हुए लगभग 38 सौ करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में बोनस के रूप में देने का काम प्रदेश की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने इतने अल्प समय में ही कर दिखाया। इतना ही नहीं समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 900 रुपए प्रति क्विंटल की दर से एक लाख पचपन हजार मैट्रिक टन धान की खरीदी कर 13365 करोड़ रुपए की राशि किसानों को देने का काम किया।

विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार ने महतारी वंदन योजना को अत्यंत ही कम समय में 70 लाख विवाहित महिलाओं को महीने में 1000 रुपए देने के काम को अमलीजामा पहनाया। श्री अग्रवाल ने कहा कि शेष वायदे तय समय पर पूरे कर लिए जाएंगे।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


2



चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया नए चिकित्सालय कक्ष का उद्घाटन

## एजूकेशन अपडेट

# आईआईटी मद्रास ने घोषित किए जेम नतीजे, काउंसिलिंग अप्रैल में





**बिलासपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए जेम अर्थात ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट काउंसलिंग 10 अप्रैल से शुरू होगी। काउंसलिंग के चार राउंड होंगे। इसके बाद भी अगर सीटें खाली रहती हैं, तो अन्य राउंड आयोजित किए जा सकते हैं। ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स एग्जाम या रिजल्ट से जुड़ी अन्य डिटेल्स के लिए कैंडिडेट्स को पोर्टल पर विजिट करना होगा। परीक्षा का आयोजन 11 फरवरी को किया गया था। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास ने ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स एग्जाम के लिए रिजल्ट की घोषणा आज, 20 मार्च, 2024 को कर दी गई है। संस्थान ने नतीजों के साथ-साथ फाइनल आंसर-की आधिकारिक वेबसाइट **jam.iitm.ac.in** पर रिलीज की है। एग्जाम में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स पोर्टल पर जाकर नतीजों की जांच करने के साथ-साथ आंसर-की को भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### 200 से अधिक विश्वविद्यालयों ने कराया सीयूईटी के लिए पंजीयन

यूजी प्रोगाम में एडमिशन देने के लिए 200 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज ने सीयूईटी यूजी स्कोर के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें सेंट्रल, डीम्ड, स्टेट और प्राइवेट विश्वविद्यालय शामिल हैं। यूजीसी ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। इसके मुताबिक, अब तक, 46 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 32 स्टेट यूनिवर्सिटी, 20 डीम्ड टू बी, 98 निजी विश्वविद्यालयों और 6 सरकारी संस्थानों ने बैचलर प्रोगाम में प्रवेश के लिए सीयूईटी यूजी स्कोर का उपयोग करने के लिए पंजीकरण कराया है और भी लोग जुड़ रहे हैं।

## मनोरंजन

# फिल्म में धारा 370 की वास्तविकता का चला पता





**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल ने रामा मैग्नेटो मॉल में पूरा थिएटर बुक कर सपरिवार आर्टिकल 370 देखकर धारा 370 की वास्तविकता को जाना।

मित्र मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन ने बताया कि फिल्म के निर्देशक आदित्य जांभाले ने बड़ी खूबसूरती के साथ देश का कलंक धारा 370 को जनता के सामने प्रदर्शित किया है। कश्मीरी किस तरह देश की मुख्य धारा से वर्षों अलग रहा। किस प्रकार से कश्मीर का विकास अवरूद्ध रहा। किस प्रकार धारा 370 की आड़ में आतंकवाद को बढ़ावा मिला। निर्माता आदित्य धर,ज्योति देशपांडे, लोकेश धर ने बड़ी निडरता के साथ दिखाने का साहस किया।

### केसरिया जैकेट में पहुंचे थिएटर

वन्दे मातरम मित्र मंडल के सदस्य सपरिवार केसरिया जैकेट में थिएटर पहुंचे। सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ कर संघ गीत-संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो,भला हो जिसमें देश का वो काम सब किया चलो...गाए गए। फिल्म देखकर धारा 370 की वास्तविकता को जानें। फिल्म देखने वालों में प्रदीप देशपांडे, एस एन तिवारी, रमेश चौधरी, राजकुमार गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, अरुण जैन, अरविंद गर्ग, डॉ गायत्री प्रसाद पांडेय, प्रफुल्ल मिश्रा, रघुनंदन प्रसाद शर्मा, पार्थो मुखर्जी, राजेश जायसवाल, नित्यानंद अग्रवाल, जय सिंह चंदेल, बाल गोविंद अग्रवाल, पी पी सोनी, नारायण गिरी गोस्वामी,राजेंद्र रुंगटा, प्रह्लाद दुसेजा, प्रीति देशपांडे, आशा जैन, सुनीता दीक्षित, किरण सिंह, स्वाति गुप्ता, मीना गोस्वामी सहित सैकड़ों वन्दे मातरम मित्र मंडल के मित्र शामिल रहे।

## शंकराचार्य व्याख्यान माला व छात्र अध्ययन यात्रा के उद्घाटन पर अतिथियों ने कहा

# हिन्दी समुद्र रूपी सागर, समेटी हुई है संपूर्ण भारत को

*पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में गुरुवार को केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय एवं भारतीय भाषा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जगदगुरू श्री शंकराचार्य व्याख्यान माला एवं छात्र अध्ययन यात्रा का उद्घाटन किया गया। अतिथियों ने कहा कि हिन्दी समुद्र रूपी सागर है, जो संपूर्ण भारत को समेटी हुई है।*



### संस्कृति जुड़ी हुई है धर्म से

जगदगुरू श्री शंकराचार्य व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि स्वामी श्री चक्र महामेरू पीठाधिपति ने जगदगुरू श्री शंकराचार्य द्वारा किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृति बचेगी तब देश बचेगा। धर्म से संस्कृति जुड़ी हुई है। धर्म, संस्कृति के साथ भारत की संस्कृति को अक्षुण बनाए रखना अति आवश्यक है। यही जगदगुरू श्री शंकराचार्य का मुख्य उद्देश्य है।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम में स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के कुलसचिव भुवन राज सिंह ने दिया। उन्होंने अतिथियों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए डॉ. हीरालाल शर्मा ने कहा कि भारतीय परंपरा में अतिथि देवों भवः को चरितार्थ करते हुए हिन्दीत्तर प्रांत केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र से आए आगंतुक छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा से रूबरू हो सकेंगे। बीज वक्तव्य देते हुए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय से आईं डॉ. किरण झा ने कहा कि हिन्दी समुद्र रूपी सागर है जो संपूर्ण भारत को समेटे हुए हैं। उन्होंने केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के योजनाओं की भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. विनय कुमार पाठक ने कहा कि हिन्दी लोकाश्रय के बल से आगे बढ़ रही है। सारी भाषाओं में प्रेम है। मंचस्थ अतिथियों का शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हिन्दीत्तर प्रदेश केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र से आए छात्र-छात्राओं के साथ भारी संख्या में अन्य लोगों की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति ने किया।

### तेजी से हुआ है हिंदी भाषा का विकास

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें कुलपति प्रो. डॉ. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि हिंदीत्तर प्रांत की छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ में हिन्दी को बढ़ाने जिन साहित्यकारों का योगदान है, उनसे रूबरू हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि 1990 से लेकर आज तक हिन्दी भाषा का विकास अत्यंत तेज गति से हुआ है। इससे हिन्दी की स्वीकारता धीरे-धीरे बढ़ी है। उन्होंने भारतीय परिदृश्य में भाषा की राजनीतिकरण पर भी प्रकाश डाला तथा सभी भाषा को महत्व देने की आवश्यकता पर बल दिया।

# परिवर्तनों को स्वीकारते हुए बेहतर समाज का करें निर्माणः प्रो. चक्रवाल



गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली से प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें अतिथियों ने कहा कि परिवर्तनों को स्वीकारते हुए बेहतर समाज का निर्माण करें। सेक्स वर्कर एंड देयर चिल्ड्रनः लीगल, एजुकेशनल, हेल्थ, ऑक्यूपेशनल चैलेंजेस विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. नीलांबरी दवे, कुलपति सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट गुजरात ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य समाज में जागरुकता फैलाने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि संगोष्ठी का विषय समीचीन है।

### करने होंगे सकारात्मक प्रयास

विशिष्ट अतिथि बंशीधर पांडेय निदेशक समाज कार्य विभाग महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा ने अपने वक्तव्य में बताया कि समाज में आज भी कई ऐसे लोग हैं जो इस तबके को हीन भावना की दृष्टि से देखते हैं। विशिष्ट अतिथि ललिता एस.ए. वाइस प्रेसीडेंट सोसायटी फॉर पार्टिसिपेटी इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट नई दिल्ली ने देह व्यापार से जुड़ी महिलाओं के बच्चों को रोजगार प्राप्ति में होने वाली परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि समाज के बौद्धिक वर्ग को आगे आकर इस वर्ग के लिए सकारात्मक प्रयास करने होंगे।

### दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग, योग व स्पोर्ट्स साइंस तथा टेक्नालॉजी इनेबलिंग सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में टेक इनेबल्ड फिटनेस रिजीम-2024 विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य का सीधा संबंध तन और मन दोनों से है। राजकोट के कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव, टेक्नालॉजी इनेबलिंग सेंटर के समन्वयक प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा तथा शारीरिक शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की प्रो. रीता वेणुगोपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# एवीएम के नन्हें सैनिकों ने किया पाककला का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए उन्हें तरह-तरह के क्रियाकलापों से



जोड़कर रखता है। एवीएम बच्चों के एकेडमिक पार्ट के अलावा उनके मानसिक विकास, आर्थिक विकास,सामाजिक व व्यवहारिक विकास जैसे क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान केंद्रित करता है। वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद नए सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व छात्रों में पूर्ण उत्साह एवं स्फूर्ति का होना अत्यंत आवश्यक होता है। इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय में प्रतिदिन बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमें हर दिन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेकर बच्चे कुछ नया सीख रहे हैं और आनंदित भी हो रहे हैं। जिसमें 21.03.24 गुरूवार के दिन विद्यालय के कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने नॉन फायर कुकिंग वाले व्यंजनों को न सिर्फ बनाया बल्कि अपने मित्रों, सहपाठियों और शिक्षकों को बेचा भी । बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजन जैसे ब्रेड और दही से बने दही बड़े, भेल ,गुपचुप व स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

### इन्होंने कहा

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे क्रय विक्रय, लाभ हानि जैसे वित्तीय नियमों को सरलता से समझने में सक्षम होंगे। विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनास्वामी ने कहा कि इससे बच्चे अपने परिवार के घरेलू कार्यों में सहयोग करना सीखेंगे। कुकिंग में रूचि एवं सीखने की यह प्रक्रिया उन्हें आगे चलकर हायर स्टडीज में भी सहयोगी सिद्ध होगी। उन्हें किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विद्यालय की प्राचार्या जी.आर. मधुलिका ने नन्हें सेफ के स्टालों का मुआयना किया।

### रंगों की होली



बिलासपुर। होली के पूर्व बिलासा गर्ल्स की छात्राओं द्वारा व्यापार विहार स्थित त्रिवेणी भवन में होली का उत्सव मनाया।

## स्पोर्ट्स न्यूज

## समर वैकेशन को खास बनाने पैरेंट्स बच्चों को दे रहे टिप्स

# धमतरी ने 9 रनों से जीता मैच बिलासपुर ब्लू को हराया



**बिलासपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर टी 20 इंटर डिसट्रिक्ट प्लेट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें बिलासपुर ब्लू ने अपना तीसरा मैच भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में धमतरी के मध्य खेलने उतरी, धमतरी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन बनाए। आदर्श प्रकाश वर्मा ने 23 रन शशांक तिवारी , योहान नायक ने 21 रनो का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए बाएं हाथ के गेंदबाज धनंजय नायक शानदार गेंदबाजी करते हुऐ 6 विकेट प्राप्त किए। इसके अलावा बद्री नारायण, स्नेहिल , रवि रोशन सिंह को एक एक विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात बिलासपुर ब्लू ने 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 127 रन ही बना पाई। धमतरी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आनंद बर्धन ने 3 विकेट और नारायण साहू ने 2 विकेट प्राप्त किए। इस तरह धमतरी ने यह मैच 9 रनो से जीत दर्ज की । मैच के निर्णायक अनिल सिंह और हरप्रीत सिंह स्कोरर संतोष ठाकुर और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना थे।

# गर्मी की छुट्टियों में बच्चे स्वीमिंग,कराते डांस क्लासेस से निखार रहे हुनर

*बिलासपुर। बच्चों के एग्जाम खत्म होते ही अभिभावक बच्चों के समय का सदुपयोग करने उनकी पसंद के अनुसार स्वीमिंग,डांस व कराते की क्लासेस को जॉइन करवा रहे हैं, जहां बच्चे समर वैकेशन को अपने हॉबी के अनुसार और भी खास बना रहे हैं। इन सभी संस्थानों में बच्चों की संख्या में इजाफा भी हुआ है। सभी जगह बच्चों के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस सुबह व शाम लग रही है। जहां बच्चे नई कला के गुण सीख रहे हैं। बच्चों के उत्साह में पैरेंट्स भी इस कला के कई फायदे बताकर इन्हें कई सारे टिप्स बता रहे हैं। हुनर को निखारने सुबह से ही पहुंचकर अभ्यास कर रहे हैं।*



### शिवांगनी, जिनिया अजिक्या तैराकी में



महिला सशक्तिकरण एवं स्वीप अंतर्गत स्वीमिंग प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार को जिला खेल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें फ्री स्टाईल, ब्रेस्ट स्ट्रोक व बैक स्ट्रोक कैटेगरी की प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें फ्री स्टाईल में शिवांगनी, ब्रेस्ट स्ट्रोक में जिनिया व बैक स्ट्रोक में अंजिक्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्हें गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार दूसरे नंबर पर आकांक्षा,संतोसिनी व अनामिका ने सिल्वर मैडल जीता। तीसरे स्थान पर संयोगिता, रहिसा व सचिता रहीं,इन्हें भी कोच द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान कोच राजेश साहू, शंकर पांडे, डीके सिंह, रूद्राक्ष साहू, किसराम पटेल, आशीष कुर्रे सहित बड़ी संख्या में तैराकी व अभिभावक मौजूद थे।

### कराते सीख हो रहे मजबूत

कराटे शिक्षक अभीजित मराठा ने बताया कि समर वेकेशन में कराते की क्लासेस में सभी वर्ग के बच्चे आ रहे हैं। बच्चे कराते सीख फिजिकली मजबूत हो रहे हैं। पैरेंट्स भी कराते सीखने बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं। वर्चुअल समय में बच्चे फीजीकल वर्क कम होने से ये सब हुनर का काम सिखा रहे हैं।

### 100 से अधिक बच्चे आते हैं

खेल परिसर के स्वीमींग कोच राजेश साहू ने बताया कि समर वेकेशन का ध्यान रख बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, यहां बच्चों के लिए अगल से क्लास लगाई जा रही है। इसके अलावा यहां सुरक्षा का भी ध्यान रख पुल में सीखने के समय तैराकी भी मौजूद रहते हैं। इस समय में सौ से अधिक बच्चे इस वैकेशन में आते हैं।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में रेलवे की टीम को स्वर्ण पदक



52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश के हॉथरस में आयोजित की गई। इसमें भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 5 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### मधु वेदवान तिरंदाजी में रही दूसरे स्थान पर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की इन महिला हैंडबाल खिलाडियों में काजल, निकी, पंकज, गौरव, टेक्नीशियन, यांत्रिक विभाग, मीनू, टेक्नीशियन, विद्युत विभाग शामिल हैं। इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मुख्यालय भंडार विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत मधु वेदवान ने 3री खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया है। भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम एवं उसमें शामिल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों ने बधाई दी है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया है।

### खिलाड़ियों ने किया रेलवे का नाम रौशन

भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि आज इन तीनों खिलाड़ियों ने देश के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रौशन किया है। दक्षिण पूर्व रेलवे की अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी है।



## 'कंगुवा' का टीजर हुआ रिलीज, आमने सामने दिखे सूर्या और बॉबी देओल

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है। दरअसल, 'कंगुवा' का टीजर सामने आ चुका है। बता दें कि 'कंगुवा' को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म में सूर्या और बॉबी कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए टीजर में साफ दिख रही है।

लाइफ Style

# भूमि पेडनेकर

## पहली वेब सीरीज 'दलदल' का किया ऐलान

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को आखिरी बार संजय मिश्रा के साथ फिल्म 'भक्षक' में देखा गया था। इसमे उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई थी। इस फिल्म को आप नेटफिलक्स पर देख सकते हैं। 'भक्षक' के जरिए भूमि ने ओटीटी की दुनिया में रखा था।

अब भूमि ने अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'दलदल' रखा गया है। इस सीरीज का निर्देशन 'गुल्लक' के निर्देशक अमृत राज गुप्ता करने वाले हैं। भूमि की पहली वेब सीरीज 'दलदल' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। सीरीज की कहानी श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने मिलकर लिखी है। इसकी कहानी विश धमीजा की किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित है। 'दलदल' में भूमि नव नियुक्त डीसीपी रीता फरेरा का किरदार निभाती नजर आएंगी। 'दलदल' के बाद भूमि फिल्म 'मेरी पत्नी का रीमेक' में अभिनय करती दिखाई देंगी। बता दें कि 8 सालों के करियर में भूमि की अब तक सिर्फ दो ही फिल्में हिट रही हैं। पहली फिल्म है बाला, जो 2019 में आई थी और दूसरी है पति, पत्नी और वो, जो भी उसी साल रिलीज हुई थी। इसके अलावा अब तक उनकी पांच फिल्में फ्लॉप रहीं। उनकी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में सोनचिरैया, सांड की आंख, बधाई दो, रक्षा बंधन और भीड़ शामिल है। बहरहाल, इन फिल्मों के अलावा भूमि ओटीटी पर गोविंदा नाम मेरा और अफवाह में भी दिख चुकी हैं।



## हॉलीवुड मसाला




## किम ने खोली अपनी पोल...

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा किया है कि मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें ईऑनलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।




## रूह कंपा देने वाली फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग

**लॉस एंजिलस।** वार्नर ब्रदर्स की साल 2021 की सुपरहिट फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' के सीक्वल ' 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुका है। मॉन्सटर्वर्स की इस फिल्म का दर्शकों को इंतजार था। फिल्म में स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग की कहानी दिखाई गई है। बता दें कि कोरोना महामारी के बाद रिलीज हुई 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला था। फिल्म में हॉलीवुड स्टार एलेक्जेंडर स्कार्सगार्ड, रेबेका हाल, शन ओगुरी, ब्रयान टायरी हेनरी ने स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग के साथ अहम किरदार निभाया था। बता दें कि इससे पूर्व वार्नर ब्रदर्स ने आधिकारिक तौर 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' की अनाउंसमेंट करते हुए एक टीजर रिलीज किया था जिसमें भयानक रूह कंपा देने वाला मंजर दिखाई दे रहा था।



## समीर वानखेड़े ने किया मानहानि का केस

**मुंबई।** सोशल मीडिया स्टार और एक्ट्रेस राखी सावंत अक्सर विवादों में रहती हैं। अब एक बार फिर वो मुश्किल में घिरती नज़र आ रही हैं। मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने राखी सावंत पर 11 लाख रुपए का मानहानि का केस ठोक दिया है। राखी के अलावा वकील काशिफ अली खान पर भी उन्होंने केस किया है। उन्होंने कहा है कि काशिफ अली खान ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में जानबूझकर झूठ बोला और जो बयान दिया वो आधारहीन थे। याचिका में काशिफ के बयान का ज़िक्र है, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि समीर वानखेड़े मीडिया को लेकर ऑबसेस्ड हैं और सेलिब्रिटीज़ को टारगेट करते हैं। उन्होंने ये भी दावा है कि काशिफ अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाइंट इंस्टाग्राम पर भी उसी तरह के कंटेंट को पोस्ट किया और उनके पोस्ट को राखी सावंत ने शेयर किया।



## मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। गाने के साथ कुणाल खेमू ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल खेमू द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

## टीवी मसाला



## मानिनी डे ने दालचीनी में जीता बेस्ट विलेन का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** यह अभिनेत्री मनिनी डे के लिए जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने हाल ही में आयोजित दंगल अवार्ड्स में अपने शो दालचीनी के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायिका का खिताब जीता है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें अपनी सफलता का जश्न मनाना पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे कभी अपने सिर पर हावी नहीं होने दिया। मैं हर जीत का जश्न भगवान को धन्यवाद कहकर मनाता हूं। मैं पार्टी करना चाहती हूं, लेकिन अभी तक मुझे ऐसा करने का कोई अवसर नहीं मिला है। एक और चीज जो मैं सुनिश्चित करती हूं वह है खुद से एक वादा कि मैं इसे कभी भी अपने सिर पर हावी नहीं होने दूंगी। मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा यह याद रखना सिखाया है कि सफलता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। असफलता एक ऐसी चीज़ है जिससे आपका सिर नीचा नहीं होना चाहिए तो मैं उसी के अनुसार जीती हूँ। मैं बहुत आभारी हूं, मैं खुश हूं, मैं उत्साहित हूं और मैंने अपने लिए मानक और भी ऊंचा स्थापित किया है।भगवान के प्रति ईमानदार, जब मैं काम करती हूं, तो मैं इस उम्मीद के साथ काम नहीं करती कि मुझे कोई पुरस्कार मिलेगा।

## अरबाज खान को भाता है फिल्म निर्माण बोले- अभिनय ना भी करूं तो कोई बात नहीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता अरबाज खान इस समय अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता ने जहां 'दबंग 4' की रिलीज का वादा किया है, वहीं वह तकरीबन 4 साल बाद 'पटना शुक्ला' से बतौर निर्माता वापसी करने वाले हैं। ऐसे में हाल में अरबाज ने इतने वर्षों तक कैमरे से दूर रहने और किसी भी फिल्म का निर्माण ना करने को लेकर अपने विचार साझा किए। अरबाज ने कहा कि अगर मैं अभिनय नहीं कर रहा होता हूं तो यह मेरे लिए कोई दिक्कत वाली बात नहीं है। मेरे लिए अभिनय ना करना कोई बड़ा त्याग नहीं है। एक फिल्म की शूटिंग में लगभग 45 दिन लगते हैं, मैं अपने शेड्यूल से इतना समय निकाल सकता हूं। अरबाज के निर्देशन में बनी पटना शुक्ला फिल्म में रवीना टंडन मुख्य भूमिका में होंगी। रवीना के साथ इसमें सतीश कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और अनुष्का कौशिक हैं। विवेक बुडाकोटी निर्देशित 'पटना शुक्ला' डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म 29 मार्च से स्ट्रीम होगी।



## आदित्य की एक्शन फिल्म के हीरो बनेंगे रणवीर सिंह?

मुंबई। रणवीर सिंह को आखिरी बार फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में देखा गया था। अब अभिनेता निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। अभिनेता इन दिनों इसी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि रणवीर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसके निर्देशन की कमान यामी गौतम के पति और निर्देशक आदित्य धर ने संभाल रहे हैं। अब आदित्य ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा जा रहा है कि रणवीर और आदित्य पिछले 3 हफ्तों में 4 से 5 बार मिल चुके हैं। अगर रणवीर और आदित्य साथ आते हैं तो इस फिल्म की शूटिंग मई 2024 की शुरुआत में शुरू होगी। यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रणवीर का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। 'सिंघम अगेन' के बाद रणवीर, फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 'डॉन 3' 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 1978 में 'डॉन' फ्रैंचाइजी के मूल संस्करण में अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में थे। 2006 में जावेद के बेटे फरहान अख्तर ने 'डॉन' का रीमेक बनाया और शाहरुख खान फिल्म के हीरो बने, जो 'डॉन 2' में भी थे।



## मेरे मेहबूब मेरे सनम बनी बेड न्यूज, दर्शकों को गुदगुदाएगी विक्की, तृप्ति और एमी की तिकड़ी

**मुंबई।** विक्की कौशल ने फिल्म निर्माता करण जौहर उनके साथ आने वाली फिल्म के बारे में अनाउंस कर दिया है। विक्की ने अपने प्रशंसकों को तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ एक नए प्रोजेक्ट के बारे में बताया। फिल्म का नाम है 'बेड न्यूज' नाम की यह फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म का मोशन पोस्टर और रिलीज डेट जारी किया गया। बता दें कि पहले इस फिल्म का नाम 'मेरे मेहबूब मेरे सनम' था। बेड न्यूज में विक्की कौशल,तृप्ति डिमरी और एमी पहली बार एक साथ नजर आएंगे। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नेहा धूपिया नजर आएंगी। फिल्म के निर्माता करण जौहर ने लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामे के लिए तैयार हो जाइए, हंसाने वाली कई घटनाएं... एक कॉमेडी फिल्म जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है आपका इंतजार कर रही है!! #सिनेमाघरों में 19 जुलाई 2024 को बैडन्यूज़!



### फैंस को टीजर का बेसब्री से इंतजार

अनाउंसमेंट करने से पहले विक्की कौशल ने तृप्ति और एम्मी के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर कर पूछा था कि आप पहले कौन सी न्यूज सुनना चाहेंगे, गुड या बैड, जवाब में एमी ने गुड कहा था तो वहीं तृप्ति ने बैड कहा था। फैंस को एक्टर्स का ये प्रमोशनल तरीका भी काफी अच्छा लगा था। फैंस को अब बेसब्री से फिल्म के टीजर का इंतजार है।

## रणबीर कपूर की 'रामायण' के लिए करना होगा लंबा इंतजार, इस साल नहीं शुरू होगी शूटिंग




**मुंबई।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लंबे समय से चर्चा में है। खासकर फिल्म 'आदिपुरुष' से मिली निराशा के बाद लोगों की नजरें इस फिल्म पर है। फिल्म के कलाकारों को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहती हैं। चर्चा है कि फिल्म में रणबीर कपूर राम बनेंगे और कन्नड़ सुपरस्टार यश, रावण की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। नई खबर के मुताबिक फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने के आसार दिख रहे हैं।

### 'रामायण' में ये सितारे भी निभाएंगे अहम किरदार

*'रामायण' में भगवान राम बने रणबीर की जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है, जो माता सीता का किरदार निभाएंगी। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है। उधर, कैकई के किरदार के लिए लारा दत्ता से बातचीत चल रही है और सनी देओल भगवान हनुमान बने नजर आ सकते हैं। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह भी फिल्म से जुड़ गई हैं। अभिनेत्री शूर्पणखा की भूमिका में दिखाई देंगी।*

### अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

*'रामायण' का निर्देशन नितेश तिवारी करने वाले हैं, वहीं फिल्म का निर्माण मधु मंटेना, नमित मल्होत्रा और अल्लू अरविंद मिलकर कर रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की ताजा खबर के मुताबिक, मधु और नमित के बीच अनबन चल रही है। यही वजह है कि 'रामायण' में देरी हो रही है। सूत्र ने कहा, "टीम के अंदर बहुत सारे आंतरिक मुद्दे हैं जिन्हें हल किया जाना बाकी है।" फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू नहीं होगी।*

## 'लव एंड वॉर': आलिया भट्ट के साथ काम करने को उत्साहित विक्की कौशल



**मुंबई।** विक्की कौशल को आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। अब विक्की, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ फिल्म 'बैड न्यूड' में नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' भी हैं, जिसे लेकर अभिनेता काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब विक्की ने फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### आलिया और रणबीर अपनी कला में माहिर हैं : विक्की

विक्की हाल ही में नेहा धूपिया के शो 'नो फिल्टर नेहा' में पहुंचे थे, जहां उन्होंने बताया कि वह फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। विक्की ने कहा, /"मुझे लगता है कि आलिया-रणबीर अपनी कला में माहिर है और यह अवसर पाना मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं सच में बहुत खुश हूं। मैं उन दोनों के साथ एक ही सेट पर रहने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

### विक्की की झोली में हैं ये फिल्में

विक्की ने आगामी फिल्म 'बैड न्यूज' 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। कॉमेडी के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म के निर्देशन के कमान आनंद तिवारी ने संभाली है तो वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। विक्की इन दिनों अपनी फिल्म एक्शन फिल्म 'छावा' में व्यस्त हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे का किरदार निभा रहे हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।

खबर संक्षेप




### बृजेंद्र मिश्रा ने कार्यकर्ताओं सहित ली भाजपा की सदस्यता

**करगी रोड कोटा।** लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा के छाया विधायक प्रबल प्रताप सिंह के समक्ष बृजेंद्र मिश्रा अपने मुख्य तीन लोगों के साथ सदस्यता ग्रहण की। छाया विधायक प्रबल प्रताप ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पार्टी का विस्तार हो रहा है। मैं सभी का भाजपा में स्वागत करता हूं। राम नाम की गंगा बह रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने के लिए जारी इस यात्रा में आप सभी सम्मिलित होने के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पार्टी का विस्तार हो रहा है। हम सब मिलकर पार्टी को और मजबूत बनाएं। बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### सेमरताल में अखंड नवधा रामायण 30 से

**सेमरताल ।** सेमरताल में अखंड नवधा रामायण का आयोजन अखंड नवधा रामायण समिति व ग्रामीणों के द्वारा 30 मार्च को रंगपंचमी की शाम से किया जाएगा। आयोजन तुलसी मानस मंच पर होगा। समिति ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें अध्यक्ष की जिम्मेदारी यदुनंदन कौशिक को, उपाध्यक्ष के लिए अवधराम साहू को, कोषाध्यक्ष का दायित्व अनिल वर्मा को, सचिव का कार्य रविन्द्रनाथ गहवई को सौंपा है। नवधा का निमंत्रण भजन मंडलियों को भेजा जा रहा है। सुघर गांव बनाबो की थीम पर आयोजित अखंड नवधा रामायण में एक सुंदर गांव की परिकल्पना को कैसे साकार किया जाए, इस विषय पर प्रवचन, भजन और सत्संग से रास्ता सुनिश्चित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ मंडली को विशेष सम्मान दिया जाएगा। मानस मंच पर सांसद, विधायक सहित विशेष अभ्यागतों को आमंत्रण दिया जा रहा है। शाम की रामायण आरती के बाद नौ दिन तक मिष्ठान, प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पाठ समिति के लिए पाठ कर्ताओं से नाम लिए जा रहे है।



### सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को मिलेगा रेंट पर आवास

**कोरबा।** सेल की तर्ज पर कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में भी सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों को सरप्लस आवास रहने के लिए दिया जाएगा। वैसे प्रक्रिया सहित अंतिम निर्णय लोकसभा चुनाव के बाद आवास आवंटन को लेकर बनी कमेटी की होनेवाली बैठक में लिया जाएगा।

## निधन

### कल्याणी तिवारी

**बिलासपुर।** स्व पंडित रामगोपाल तिवारी लोहर्सी (सोन ) के पुत्र स्व. अशोक तिवारी की पत्नी श्रीमती कल्याणी तिवारी का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 22 मार्च की सुबह 11 बजे मधुवन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपूर्व तिवारी की माता थीं।



### रत्ना अय्यर

**बिलासपुर।** विनोबा नगर व्यापार विहार रोड निवासी विक्रय कर कार्यालय की सेवानिवृत कर्मचारी रत्ना अय्यर का 20 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



### संदीप गर्ग

**बिल्हा ।** बिल्हा निवासी संदीप गर्ग का 21 मार्च को मुम्बई में निधन हो गया। वे 45 वर्ष के थे। वे स्व.सत्यनारायण गर्ग के पुत्र व संजय गर्ग, अजय गर्ग के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार 22 मार्च को दोपहर 1 बजे बिल्हा मुक्तिधाम में किया जाएगा।



# तीन दिन से बिजली बंद, पेयजल के लिए हो रही जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

विकास खण्ड मुख्यालय से 5 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत जरेली के ग्रामीण तीन दिन से बिजली, पानी के बिना गुजर बसर करने मजबूर है। बीते 19 मार्च को आए आंधी, तूफान और बारिश के बाद से आज तक गांव में बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई है।

■ एक ही हैंडपंप से गुजारा कर रहे जरेली के ग्रामीण

बिजली के कर्मचारी गांव में आए जरूर लेकिन फाल्ट होने की बात कहकर वापस चले गए। ग्राम में बिजली नहीं होने से पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड रहा है। पीने का पानी ग्राम के एक मात्र सोलर पंप से लाना पड़ रहा है। पूरा गांव एक पम्प पर निर्भर हो गया है जहां सुबह से ही महिलाएं लाइन में लगी रहती है। वही आसपास के गावों से भी पानी लाया जा रहा है। शिक्षक गजानन्द सिंगरौल ने बताया कि बिजली पूरी नहीं आती। रात 12 या एक बजे कुछ समय के लिए बिजली आ रही है। बाकी पूरी रात गांव अंधेरे में डूबा रहता है। इस सम्बंध में ग्रामीणों ने प्रसाशन को अवगत कराया है लेकिन समस्या का निदान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बिजली, पानी की व्यवस्था बनाने की मांग की है ।

### दूसरे ग्राम से पानी लाने को मजबूर हैं लोग



#### कुछ पोल गिर गए

मौसम ख़राब होने के कारण कुछ पोल गिर गए थे। शुक्रवार से ग्रामवासियों के लिए बिजली आपूर्ति सुलभ हो जाएगी।

**-कमलेश पटेल**
कनिष्ठ यंत्री

### पाइप बिछा पर पानी नहीं

ग्राम जरेली के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में नलजल योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत से पानी टंकी का निर्माण हुआ और पाइपलाइन बिछाया गया। और कहा गया कि अब महिलाओं को सर पर पानी ढोना नहीं पड़ेगा। हर घर पानी पहुंचेगा। आज तक इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला है । जबकि ठेकेदार को लाखों का भुगतान पीएचई के द्वारा किया गया है लेकिन ग्रामीणों को इससे पानी नही मिल रहा ।

### सुविधा बनी समस्या

ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों को सुविधा देने के लिए ग्राम के सभी हैंडपंप में मोटर पम्प लगा दिया है। अब बिजली नहीं होने से मोटर काम नहीं कर रहे। जबकि हेण्डपम्प होने से आसानी से पानी निकाला जा सकता है। क्योंकि ग्राम में जल स्तर 150 फिट है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ हेण्डपम्प भी गांव मे रहने चाहिए। जिससे बिजली नहीं होने की दशा में पानी के लिए भटकना ना पड़े ।

पुलिस ने की ग्राम घुठेली में की छापामार कार्रवाई

# उत्तरप्रदेश के युवक गांव में ही बना रहे थे देसी शराब, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुठेली में कुछ युवक अवैध देसी शराब बनाकर उसे खपाने के फिराक में थे। पुलिस ने पांच आरोपियों के साथ 24 पेटी देसी शराब की खेप और एक चारपाहिया वाहन क्रमांक यूपी 93 एबी 6575 के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार पथरिया ब्लॉक के ग्राम घुठेली में बाहरी लोगों के द्वारा देसी शराब बना कर खपाए जाने की जानकारी मिली। जहां छापा मारने पर उनके पास से खाली शीशी, नकली होलोग्राम, स्टिकर, एक मशीन, ढक्कन जैसे सामान भी मिले है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नारायण राजपूत निवासी ग्राम घुटेली थाना पथरिया, सुरेश कुमार निवासी उत्तरप्रदेश, जाकिर खान निवासी उत्तरप्रदेश, राजेंद्र खंखार निवासी मध्यप्रदेश, महेन्द्र वर्मा निवासी उत्तरप्रदेश बताया।

### पूछताछ जारी

पूछताछ अभी जारी है। कार्रवाई पूरी होने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहना सही होगा।

**-गिरजाशंकर जायसवाल**
पुलिस अधीक्षक, मुंगेली

### हो सकता है बड़ा खुलासा

पुलिस द्वारा शराब, वाहन और आरोपियों के पकडे जाने के बाद यह खबर क्षेत्र में फ़ैल गई और लोगों के मन में तरह तरह के सवाल आने शुरु हो गए। शराब बनाने में लगने वाली सामाग्री कहां से मिली, यह काम कब से चल रहा होगा, इतने बड़े घटनाक्रम को स्थानीय लोगों के सहयोग बिना करना मुमकिन नहीं। ये तमाम सवालों से पूरा क्षेत्र चिंतित था। इस कार्रवाई में मुंगेली एसपी गिरजाशंकर जायसवाल, एडीशनल एसपी पंकज पटेल, थाना प्रभारी एसके शर्मा, सायबार सेल की टीम के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# नौकरी लगाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगर के मजगांव मोहल्ले में सरकारी नौकरी के लालच में ग्रामीण से ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार नगर के मजगांव मोहल्ला निवासी रामायण सिंह राजपूत पिता नर्मदानन्द राजपूत 36 वर्ष अपने भाई बसन्त राजपूत 26 वर्ष के लिए वर्ष 2018 में पुलिस उपनिरीक्षक के लिए फार्म भरा था। उसी दौरान समीपस्थ ग्राम सेमरिया निवासी तोखन सिंह, दिवाकर राजपूत पिता दिलीप सिंह पुलिस उपनिरीक्षक पद पर नौकरी लगाने का झांसा दिया। वर्ष 2021-23 के बीच किस्तों में रकम उगाही की। आरोपियों ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधडी कर 25 लाख पैसे ऐंठ लिए। इस दौरान पीड़ित ने आरोपियों से नौकरी नहीं लगने पर बार-बार रकम वापस मांगने घर का चक्कर लगाता रहा। रकम नहीं मिलने पर ठगी का अहसास हुआ




और उसने थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित के रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

### विवेचना की जा रही है

प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

**-अखिलेश वैष्णव,** थाना प्रभारी टीआई

### टीम लगी हुई है

प्रार्थी की शिकायत मिलने पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने पुलिस टीम लगी हुई है।

**-माधुरी धिरही,** एसडीओपी

### थाने में हुई शांति समिति की बैठक

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो गई है। रंगों का त्योहार होली पर्व शांति पूर्वक मनाए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा शांति की समिति बैठक थाना प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने चर्चा एवं सुझाव मांगा गया। बिजली, पानी, स्वास्थ्य की व्यवस्था को दुरूस्त रखने की बात कही। लोरमी एसडीएम गिरधारी लाल यादव, एसडीओपी माधुरी घिरही, थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव जनप्रतिनिधियों, व्यापारी, ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई। बैठक में होली पर्व शांति से मनाने से संबंधित चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में लतारानी वैष्णव, राकेश दुबे, गुरमीत सलूजा, अनिल दास, धर्मेन्द्र गिरी, आदित्य वैष्णव, घनेंद्र राजपूत, सालिक बंजारे, सोहन डडसेना, धनश्याम खत्री राजू साहू, साजिद खान, प्रशांत शर्मा, नूतन गुप्ता, कृष्णा सोनी, जितेन्द्र पाठक, नरेश यादव, जितेन्द्र ठाकुर, पवन गंधर्व, अरूण साहू, प्रकाश शुक्ला, विक्की डीजे, सत्यावान डीजे, महामाया डीजे, हंस डीजे, राजा, मोहित, मनीष, छवि, साजन, अंबे, कुलदीप डीजे के संचालक सहित जनप्रतिनिधि, थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

# विपक्ष का दमन करना चाहती है भाजपा

### तानाशाह हो चुकी है केंद्र की सरकारः अटल

**बिलासपुर।** कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि यह पूर्णत तानाशाही फैसला है केंद्र की सरकार जो भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी की सरकार है उसने सिद्ध कर दिया कि वह अब तानाशाह हो चुकी है विपक्ष को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस देश में हर कीमत पर विपक्षी पार्टियों का दमन करना चाहती है चाहे दिल्ली की बात हो पश्चिम बंगाल की बात हो झारखंड की बात हो छत्तीसगढ़ की बात हो सब जगह विपक्षियों पर आर्थिक अपराध दर्ज करने का काम ईडी के झूठे आरोप पत्र के बेस पर किया जा रहा है अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश के इतिहास के साथ चलता है और कांग्रेस के लोग की दमन चक्र का विरोध पहले भी करते रहे आज भी करेंगे। कांग्रेस पार्टी का खाता फ्रीज कर भाजपा ने सिद्ध कर दिया कि पूर्णतः तानाशाही की सरकार है।



### बीजेपी की मानसिक हार हैः शैलेश

कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज करने पर पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने कहा कि ये बीजेपी की मानसिक हार है। शायद बीजेपी डरी हुई है इसलिए ये कार्य कर रही है, ये पूरा देश जानता है। बीजेपी का तानाशाही व्यवहार से देश की जनता और हर वर्ग परेशान है। कांग्रेस पार्टी को आर्थिक परेशानियों में डालना अत्यंत ग़लत है और हिटलर शाही है। चुनावी चंदा को लेकर पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि यह भाजपा की मानसिक हार को दर्शाता है। उन्होंने कहा है कि आज छत्तीसगढ़ में अपराध चरम सीमा पर है। महंगाई ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। केंद्र की सरकार महंगाई पर कुछ नहीं बोल रही है। इधर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर राज्य सरकार झूठे आरोप लगा रही है और मतदाताओं का ध्यान भड़काने के लिए एड और अदर जांच एजेंसियों का सहारा ले रही है। चुनावी चंदा का हिसाब देने के बजाय भाजपा कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।



### यही बीजेपी एवं केंद्र सरकार का चरित्र हैः लहरिया

कांग्रेस पार्टी का खाता फ्रीज करने को लेकर मस्तूरी के कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा खुद तो करोड़ो का चंदा वसूल करती है चंदे के बदले धंधा देती है और विपक्षी पार्टियों का खाता फ्रिज करने का काम करती है कांग्रेस देश को आजादी दिलाने वाली पार्टी है कांग्रेस देश का विकास के रास्ते पर ले जाने वाली पार्टी है कांग्रेस बलिदानियों की पार्टी है। कांग्रेसियों का दमन देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और 2024 में भाजपा को सबक सिखाएगी ।देश संविधान और लोकतंत्र से चलता है और भाजपा का ना तो संविधान पर भरोसा है ना लोकतंत्र में भरोसा है।



### इस चुनाव में अपनी हार देख रही भाजपाः अभय

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि चुनावी बांड की सच्चाई सामने आने के बाद यह सिद्ध हुआ कि भारतीय जनता पार्टी का नारा चंदा दो धंधा लो का रहा है 6900 करोड़ रुपए का चंदा लेने के पश्चात अपने आप को पाक-साफ बताना उनके तानाशाही को प्रवृत्ति को बताता है जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के पार्टियों को प्रमुख रूप से प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस को तानाशाही रवैया अपनाते हुए दमन करने का काम कर रही है। इससे सिद्ध होता है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता 2024 में अपनी हार देख रहे हैं और हर को बचाने के लिए आलोकतांत्रिक तानाशाही रवैया अपना रहे हैं ।



### एटीआर उपसंचालक से मिला कर्मचारी संघ

**लोरमी।** छ.ग.लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा मुंगेली के प्रांतीय सचिव, जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संघ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा एटीआर में नवपदस्थ उपसंचालक यूआर गणेश से सौजन्य मुलाकात कर कर्मचारियों से रूबरू हुए। इस अवसर एटीआर विभागीय अध्यक्ष नवल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष नेतराम गबेल, प्रदीप मरावी, जिला महामंत्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला प्रचार सचिव उमरदास लहरे, तहसील अध्यक्ष लोरमी लक्ष्मण सिंह मरावी, सुरही परिक्षेत्र अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ध्रुर्वे, सचिव सहदेव यादव, लोरमी बफर अध्यक्ष कामता जायसवाल एवं सचिव सुनील ठाकुर शामिल रहें।

### होली के दिन रिस्दा में बंटेगी मिर्गी की दवा

**मस्तूरी।** ग्राम रिस्दा में प्रत्येक वर्ष होली के दिन मिर्गी मरीजों को निःस्वार्थ सेवा भाव से निःशुल्क दवा अजय सिंह चंदेल के द्वारा दिया जा रहा था। अब उनके निधन पश्चात उनके बड़े पुत्र प्रदीप सिंह के द्वारा निःशुल्क दवा दिया जा रहा है। इस वर्ष भी 25 मार्च दिन सोमवार को होली पर प्रदीप पीड़ित व्यक्ति को निःशुल्क दवा देने की पूरी तैयारी कर चुके है। मरीजों को लगातार 3 वर्ष तक इस दवा को लेना होता है। दवा लेने के लिए होली के पहले दिन से ही हजारों की तादाद में मरीज को लेकर परिजन पहुंचते हैं। होली के दिन प्रात 6:30 बजे से जो दवा देने का जो श्रृंखला चालू होता है वह दोपहर 1बजे तक चलता है।



शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर राहुल देव ने कामकाज की समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**खास बात**
■ विभिन्न मदों से प्राप्त राशि के उपयोग के संबंध में ली जानकारी

कलेक्टोरेट में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर राहुल देव ने अधिकारियों से विभिन्न मदों पर प्राप्त राशि के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। विभागीय कार्य में रूचि नहीं लेने वाले अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इसके साथ ही नोडल अधिकारी के अनुमोदन के बिना प्राप्त आबंटन, व्यय संबंधित जानकारी छुपाने, शिक्षा सत्र में प्राप्त आबंटन का निर्धारित समयावधि में विभागीय दिशा-निर्देशानुसार क्रियान्वयन हेतु किसी भी प्रकार की रूपरेखा तैयार नहीं करने तथा प्राप्त आबंटन का लैप्स होने की स्थिति निर्मित होने पर जिला मिशन समन्वयक ओपी कौशिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर ने स्कूलों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली और कहा कि जो शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाते है, उन पर कार्रवाई करें। शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम टॉप पर आए, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी प्रयास करें। कलेक्टर ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों में समर कैंप के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया और कहा कि समर कैम्प में डांस, सिंगिंग, चित्रकला सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रकुमार घृतलहरे सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी मौजूद रहे।

### शतप्रतिशत मतदान के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

**मुंगेली।** लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान लोगों को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जायेगा। कलेक्टर श्री राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में स्वीप कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक ली और जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि घर-घर जाकर मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। इस हेतु तीन दिवस के भीतर कार्ययोजना बनाकर सभी अधिकारी प्रस्तुत करें। पंचायत स्तर पर सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, महिला समूह और कोटवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उनके माध्यम से लोगों को शतप्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जाए। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में सभी जनपद सीईओ और शहरी क्षेत्रों में सभी सीएमओ को शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु स्वीप गतिविधि चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदान केन्द्र जहां मतदान प्रतिशत जिले के औसत से कम है, वहां दीवार लेखन, बैनर, पोस्टर, नुक्कड़, नाटक, संगीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाए।

# अघोषित विद्युत कटौती से लोगों को हो रही परेशानी : मक्कड़

**तखतपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रहे अघोषित विद्युत कटौती से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों से इसका समाधान निकालने की मांग की है।

श्री मक्कड़ ने कहा कि मनुष्य के जीवन में बिजली का बड़ा महत्व है। पहली बात ज़िंदा रहने के लिए पीने योग्य पानी आवश्यक है। जलस्तर 300 से 400 फीट नीचे चले जाने से प्रायः सभी कुंए सूख गए है। बिना बिजली के पानी ऊपर नहीं लाया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य स्वस्थ तभी रहेगा जब उसकी नींद पूरी होगी। पंखें, आल आउट के बंद रहने से मच्छरों के हमलों के कारण नींद पूरी न होने से स्वास्थ बिगड़ रहा है। भोजन के समय बिजली बंद हो जाए तो कहते है कि ठहर जाओ बिजली को आने दो। क्योंकि बिजली के अभाव में भोजन करने में मज़ा नहीं आएगा और किसान की मांग है कि बिजली के अभाव में गर्मी की फसल सूख रही है। व्यवस्था ठीक करवा दो। चारों ओर से निरन्तर बिजली आपूर्ति की मांग है। क्योंकि कई दिनों से तखतपुर नगर के साथ पूरे क्षेत्र में लगातार अत्यधिक ट्रिपिंग व कई घण्टों तक बिजली बंद हो रही है। सभी की शिकायत है कि भाजपा की सरकार आने पर बिजली की आपूर्ति घटिया हो गई है।



**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि ग्राम मोपका पटवारी हल्का 19/29 रा.नि.मं. मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1841/1 रकबा 0.87 एकड़ जो कि सम्मिलित खाता क्र. 5481/2 नाबालिक सौरभ मिश्रा, रिषभ मिश्रा, झलक मिश्रा पिता योगेश मिश्रा के नाम पर दर्ज है जिसमें से 1550 वर्ग फिट विक्रय का पक्का सौदा श्रीमती बृहस्पति पति छत्तेलाल खाण्डे के पास कर लिया गया है किसकी रजिस्ट्री जल्द ही कर लिया जायेगा। अत: जिस व्यक्ति, संस्था, बैंक या सरकारी समिति को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो दो दिवस के अंदर सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ आपत्ति प्रकट करें ।

भवदीय
श्रीमती बृहस्पति
मो.नं. 7999581603

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
-:: ईश्तहार ::-

पक्षकार : बलराम राजपूत पिता स्व. गया प्रसाद वगै................आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन........... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका बलराम राजपूत पिता/पति स्व. गया प्रसाद निवासी जरहाभाठा मंदिर चौक बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वत:/अधिवक्ता के माध्यम से नगर बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा स्थित शीट नंबर 04 प्लाट नंबर 6/2 क्षेत्रफल रकबा 1283 वर्गफीट नजूल भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण दर्ज कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 08/04/2024 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनॉक 19/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

क्रमांक/क/ना.तह./ वाचक/2024 बिलासपुर
दिनांक 21/03/2024

पक्षकार-मंजूबाला शुक्ला विरूद्ध छ.ग. शासन
मौजा- सरकण्डा प.ह.न. 32
ई.रा.प्र.क्र.........../अ-6/2023-24

ग्राम सरकण्डा प.ह.न. 32 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंजूबाला शुक्ला पति स्व. रविन्द्रनाथ शुक्ला निवासी-सरकण्डा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा सरकण्डा प.ह.न. 32 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 443/6 रकबा 1040 वर्गफुट भूमि के आनलाइन बी-1, पी-2 मे मंजूबाला के स्थान पर मंजूवाला दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 26/03/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगें।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार प्राप्त अधिकार एवं निर्देश पर निम्नलिखित आशय का आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ कि मनबोध प्रधान पिता स्व. पदरू जाति प्रधान निवासी ग्राम बेलसरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम बेलसरी प.ह.नं-28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) जिसका खसरा नंबर 625 रकबा 0.55 एकड है को मेरे पक्षकार रवि प्रधान पिता स्व. श्री सरोज प्रधान जाति प्रधान निवासी ग्राम बेलसरी, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास विक्रय करने का पक्का सौदा किया है, और बयाने की राशि मनबोध प्रधान (विक्रेता) प्राप्त कर चुका है और इकरारशुदा भूमि का कब्जा भी मेरे पक्षकार को सौंप दिया है। विक्रेता द्वारा उपरोक्त इकरारशुदा भूमि को लालचवश किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है।

अत: इस आम सूचना के जरिये यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त इकरारशुदा भूमि को कोई भी व्यक्ति विक्रेता से क्रय करता है तो वह गैर कानूनी होगा।
सो सूचना जानें।

दिनांक 21/03/2024

भवदीय
एस. के. सिंह, अधिवक्ता
पता- गंगानगर, मंगला रोड बिलासपुर छ.ग.
मो. नं. -9425280730

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश महोदय मुंगेली छ.ग.**

फागूराम वगैरह...............अपीलार्थीगण
बनाम
छ.ग.शासन द्वारा कलेक्टर
आम जनता एवं 1 अन्य...........उत्तरवादीगण
व्यव अपील प्रकरण क्र.-15A/2024
पेशी तारीख 06.04.2024
प्रो. क्र. 667/24

अपीलार्थीगण ने इस न्यायालय में न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग मुंगेली के द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 03.02.2024 जिसका व्यवहार वाद क्रमांक 54-अ / 2022 पक्षकार फागुराम वगैरह बनाम छ.ग.शासन व अन्य 1 में पारित निर्णय एवं डिक्री के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया है अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष अपीलार्थी का वाद इस प्रकार रहा है अपीलार्थी ने एक वाद घोषणात्मक वास्ते मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत प्रस्तुत किया जिसमें अपीलार्थीगण के भाई आजुराम कमाने खाने महारष्ट्र गया था जो प्रत्येक होली त्यौहार पर गांव मोतिमपुर आ जाता था लेकिन कई वर्षो से वापस नही आया अपीलार्थीगण अपने भाई की खोज खबर की लेकिन पता नही चला जिसके नाम पर कृषि भूमि शामिल रूप से दर्ज है उसका नाम विलोपित करने घोषणात्मक वाद प्रसतुत किया था जिसे अधीनस्थ न्यायालय ने खारिज कर दिया है जिसके विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया है जिसकी सुनिवाई हेतु इस न्यायालय में तारीख 06.04. 2024 को दिन के 11 बजे से अपील का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए प्रकरण के अन्य पक्षकार एवं आम जनता जिसका उक्त प्रकरण के संबंध में संमन किया गया है। संबंधित व्यक्ति स्वंय अथवा किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस अपील से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के जवाब दे सकें साथ ही उस दिन अपनी प्रतिरक्षा में जवाब प्रसतुत कर सके करे।

नियत तिथि को किसी प्रकार की आपत्ति आने पर उपस्थित नही होने पर अपील की सुनिवाई और उसका निपटारा पेशी दिनांक 06.04.2024 को या उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर सुनिवाई कार्य दिवस को की जावेगी ।

आज दिनांक 06/03/24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

( चन्द्र कुमार अजगल्ले )
जिला न्यायाधीश मुंगेली
जिला- मुंगेली छ.ग.

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने एयू में की नारेबाजी



**बिलासपुर।** एयू में गुरूवार को कुछ छात्रों ने पहुंचकर नारेबाजी की। ये छात्र यूनिवर्सिटी की ओर से एक संगठन को कार्यक्रम के लिए अनुमति दिए जाने के खिलाफ अपनी नाराजगी जताने पहुंचे थे। यूनिवर्सिटी परिसर में नारेबाजी करने वाले छात्रों का कहना है कि एयू में छात्रों के नाम पर कार्यक्रम करवाने की अनुमति कुलपति से प्राप्त सोशल मीडिया में वायरल की जाती है और उसके पश्चात कार्यक्रम विवि से अनुदान प्राप्त करने आयोजित किया जा रहा है। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन से छात्र-छात्राओं के इच्छा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने और किसी विशेष संगठन को पनाह न देने की बात रखी। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि होली का कार्यक्रम प्रशासन की बिना अनुमति करने की तैयारी की जा रही थी तथा बाद में अनुमति की कार्यवाही की जा रही है।

### दो मकानों में चोरी करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दो मकानों में चोरी करने वाले 4 युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से चोरी का माल जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 25 दिसंबर 2023 को विजयापुरम निवासी विकास शर्मा के साली सिद्धि विहार के मकान में चोरी हुई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सचिन यादव पिता पुन्नूराम यादव 19 साल चिल्फी मुंगेली, शनि यादव पिता संतोष यादव 19 साल मुरूम खदान सरकण्डा, मुकेश पटेल उर्फ छोटू पिता राजकुमार पटेल 21 साल मुरूम खदान सरकण्डा, गोदावरी यादव पति पुन्नूराम यादव 50 साल को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की। उन्होंने श्री शर्मा की साली के घर व एक अन्य मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर सोने चांदी के जेवर, टीवी व अन्य सामान जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आटो चालक ने यात्री से की मारपीट, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** उसलापुर स्टेशन में आटो चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है।



पहले पार्किंग के नाम पर विवाद के बाद अब यात्रियों से मारपीट की भी घटना सामने आ रही है। गुरूवार को एक ऑटो चालक ने यात्री के साथ मारपीट कर दी। शिकायत के बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी ऑटो चालक को गिफ्तार कर लिया। एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि कोटा राजस्थान में कोचिंग करने वाले कुछ छात्र ट्रेन से सफर कर उसलापुर स्टेशन पहुंचे थे। यहां ऑटो चालक अरूण कुर्रे ने उनके साथ विवाद और मारपीट की। स्टेशन में मारपीट की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया।

# नगर निगम ने बकाया टैक्स वसूली को लेकर 200 लोगों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए पुराने बकायादारों को नोटिस भेजा जा रहा है। कई लोगों ने तो चार-पांच साल से टैक्स जमा नहीं किया है, जिनका लाखों रुपए बकाया हो गया है। ऐसे ही लगभग 200 लोगों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया है।

- लाखों रुपए टैक्स का बकाया
- वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में वसूली पर जोर

नगर निगम में टैक्स वसूली की गति बहुत अच्छी नहीं है। कई लोगों ने वर्ष 2017-18 से लेकर पिछले चार-पांच सालों का टैक्स नहीं पटाया है। नगर निगम ने ऐसे बकायादारों की लंबी लिस्ट तैयार की है और लगभग 200 लोगों को नोटिस जारी कर टैक्स जमा करने




कहा गया है। करीब माहभर पहले ही निगम कमिश्नर द्वारा टैक्स वसूली की धीमी गति एवं बकाया राजस्व वसूली को लेकर निगम के राजस्व विभाग एवं निजी ठेका कंपनी स्पायरो को जमकर फटकार लगाई थी। पुराने बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाने और उन्हें नोटिस चस्पा किए जाने के निर्देश दिए गए थे, साथ ही बकाया टैक्स जमा नहीं करने वालों की संपत्ति नियमानुसार कुर्क करने की कार्रवाई करने भी कहा गया था। इसके बाद से निगम के सभी जोन में बड़े बकायादारों की लिस्टिंग कर उनके नाम पर नोटिस काटने और सार्वजनिक रूप से नोटिस चस्पा की कार्रवाई शुरू हो गई है। वित्तीय वर्ष का अंतिम माह मार्च महिना होने के कारण नगर निगम पुराने बकायादारों से टैक्स वसूलने का प्रयास कर रहा है।

### की जाएगी कुर्की

वित्तीय वर्ष के आखिरी माह को देखते हुए टैक्स वसूली में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। जितने भी पुराने बकायादार हैं उन्हें नोटिस जारी कर बकाया टैक्स जमा कराने कहा जा रहा है, अन्यथा आगे चलकर उनकी संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

-**खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### 20 करोड़ से अधिक टैक्स बकाया

नगर निगम में लगभग 20 करोड़ रुपए टैक्स बकाया है और कई संस्थानों सहित बड़े बकायादारों ने टैक्स निगम में जमा नहीं कराया है। इसी तरह निगम सीमा वृद्धि के बाद जो नए एरिया जुड़े हैं उनमें निगम के राजस्व अमला द्वारा टैक्स वसूली की जा रही है, जबकि पुराने एरिया शहर में ठेका कंपनी स्पायरो द्वारा टैक्स वसूली का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय स्थित टैक्स पटाने काउंटर बना हुआ है साथ ही सभी जोन कार्यालयों में टैक्स काउंटर है। ठेका कंपनी के कर्मचारी घूम-घूमकर भी टैक्स वसूली करते हैं।

### टैक्स से मिलता है राजस्व

शहर में विकास कार्य कराने व नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम के पास राजस्व एक मुख्य और महत्वपूर्ण जरिया टैक्स है। इसके माध्यम से ही नगर निगम सड़क, नाली, पानी, बिजली व साफ-सफाई जैसी आवश्यक कार्यों का निष्पादन करता है। इसके लिए निगम को राजस्व टैक्स के रूप में मिलता है। लेकिन शहर के कई ऐसे लोग, संस्थान या व्यावसायिक फर्म हैं जिन्होंने सालों से संपत्ति कर, समेकित कर नहीं पटाया है।

स्टेशन में शेड लगाने का काम पूरा,वेटिंग हॉल हो रहा तैयार, बाउंड्रीवाल टूटी तो बन गया बाइपास

# उसलापुर स्टेशन में चल रहा निर्माण, मलबे से यात्री हो रहे परेशान, सड़क पर कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर रेलवे स्टेशन शहर का दूसरा प्रमुख स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है। लगभग यहां आधे से ज्यादा काम हो चुके हैं। यहां दुर्ग से आकर कटनी सेक्शन में जाने वाली ट्रेनें बिलासपुर की जगह इसी स्टेशन में ठहर रही हैं। ऐसे में स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य और तोड़फोड़ के चलते पूरा समान और मलबा स्टेशन और पार्किंग क्षेत्र में पड़ा हुआ है। ऐसे में यात्रियों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- तोड़फोड़ के बाद स्टेशन और पार्किंग क्षेत्र में पड़ा हुआ है मलबा

दरसल बिलासपुर स्टेशन में बढ़ते दबाव को देखते हुए अब यात्रियों की आवश्यकतानुसार सुविधाएं मुहैया कराने अब उसलापुर को भी मॉडल स्टेशन के रूप में डेवलप किया जा रहा है। करीब तीन साल से यहां निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में पुराने भवनों के कई हिस्सों को तोड़ा भी गया। बाउंड्रीवाल ढहाई गई। ऐसे में इसके मलबे को स्टेशन के आसपास सड़कों में ही डंप कर दिया गया है, इसके चलते पार्किंग सुविधा और यात्रियों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



उसलापुर रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो स्टैण्ड के पास रखे गए टूटे डिवाइडर।





### स्टेशन में यह काम चल रहा

वर्तमान में स्टेशन के बाहर का क्षेत्र (सर्कुलेटिंग एरिया) का सुंदरीकरण, स्टेशन बिल्डिंग के सामने रोड का निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार का चौड़ीकरण, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए लिफ्ट एवं रैंप, अतिरिक्त फुटओवर ब्रिज का निर्माण, पर्याप्त मात्रा में पंखे, बेहतर लाइटिंग व्यवस्था, साइनेजेस, कोच इंडिकेशन बोर्ड, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां, एप्रोच रोड, प्रतीक्षालयों का नवीनीकरण जैसे कार्य चल रहे है। कुछ काम और बचे हैं, जिसे पूरा किया जा रहा है।

### तीन प्लेटफार्म, ठहरती हैं 36 ट्रेनें

उसलापुर रेलवे स्टेशन में अभी तीन प्लेटफार्म हैं। तीनों प्रमुख हैं और सभी का उपयोग भी होता है। दरअसल इस स्टेशन में 36 ट्रेनें ठहरती हैं। इनमें 18 अप व 18 डाउन दिशा की ट्रेनें हैं। कुछ ट्रेनों के परिचालन के दिन तो इस स्टेशन में पैर रखने की जगह नहीं रहती। उसलापुर स्टेशन में ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का ठहराव होने से व्यवसाय के रास्ते खुलेंगे। इसके अलावा वाणिज्यिक विकास होगा। इसके अलावा रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### हटवाया जाएगा मलबा

निर्माण कार्य के चलते जो मल्बा स्टेशन के सड़क और आसपास में फैली हुई है। उसे उठवा दिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। जल्द ही उसलापुर स्टेशन का काम पूरा हो जाएगा।

– **साकेत रंजन**, सीपीआरओ रेलवे।

### तीन लिफ्ट और एफओबी भी बन रहा

उसलापुर रेलवे स्टेशन विकसित हो रहा है। इसका अंदाजा उपलब्ध नई सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इन्हीं में एक लिफ्ट है। उसलापुर में एक दौर था, जब एक लिफ्ट बनाने के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। वहां वर्तमान में तीन लिफ्ट की सुविधा है। बुजुर्ग, दिव्यांग के अलावा अन्य यात्रियों के लिए यह सुविधा सबसे बड़ी है। इसके अलावा फुट ओवर ब्रिज भी बनाया जा रहा है।

## सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



श्रीकांत वर्मा मार्ग का निरीक्षण करते कलेक्टर व एसपी।

# कलेक्टर- एसपी ने किया पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव व होली पर्व को देखते हुए अपराधियों में भय दिखाने कलेक्टर, एसपी ने शहर में पैदल मार्च किया। इसके अलावा रायपुर में हुई दुर्घटना को देखते मैग्नेटो माल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है। जीएम को सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड तैनात करने कहा गया है।

- चौक-चौराहे पर खड़े युवकों को दी समझाइश

शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव व होली पर्व मनाने व अपराधियों पर प्रशासन व पुलिस का खौफ बनाने गुरूवार को कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह ने अधिनस्थ अधिकारियों व बल के साथ शनिचरी, पुराना बस स्टैण्ड, श्रीकांत वर्मा मार्ग में पैदल मार्च किया। इस दौरान चौक चौराहे पर ग्रुप बनाकर खड़े होने वाले युवकों को खदेड़ा गया। अस्त व्यस्त खड़े होने वाले वाहनों को व्यवस्थित कराया गया है। त्योहार पर बाजार में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए व्यापारियों को दुकानों के सामने सामान नहीं रखने व व्यवस्थित वाहन खड़ा कराने का आदेश दिया गया है। नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई।

### मैग्नेटो मॉल का निरीक्षण

पिछले दिनों रायपुर के मॉल में एस्केलेटर में चढ़ने के बाद पिता के हाथ से फिसलकर गिर जाने से मासूम बच्चे की मौत हो गई थी। उस घटना को देखते हुए कलेक्टर व एसपी ने मैग्नेटो मॉल का निरीक्षण का सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है। मॉल के जीएम को एस्केलेटर के पास विशेषतौर पर सिक्यूरिटी गार्ड तैनात करने का आदेश दिया गया है।

# मुआवजा लेने के बाद अधिग्रहित जमीन दूसरे को बेची, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सड़क के लिए अधिग्रहित जमीन का मुआवजा लेने के बाद उसे दूसरे को बेच दिया गया है। परिवाद के आधार पर पुलिस जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, ढेका निवासी सौरभ मौर्य की धूमा निवासी धरमलाल मरार और उसके पोते शरद से जान पहचान थी। धरमलाल ने उनसे नेशनल हाइवे से लगी अपनी जमीन को बेचने की बात की। उसने जमीन दिखाकर 7 लाख रुपए सौदा कर लिया। उसके बाद उसने पैसा लेकर जमीन की रजिस्ट्री कर दी। सौरभ ने उक्त जमीन के नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन जमा किया, तब पता चला धरमलाल की पुरी जमीन को नेशनल हाइवे के लिए सरकार ने अधिग्रहित कर लिया है। इसका मुआवजा भी उसे दे दिया गया है। जमीन का नामांतरण नहीं होने से दादा पोते ने फर्जीवाड़ा किया है। श्री मौर्य ने घटना की शिकायत तोरवा थाने में की। कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया। कोर्ट के आदेश पर परिवाद के आधार पर पुलिस ने दादा पोते के खिलाफ धारा 120 बी, 384, 420, 467, 468, 471, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेलवेकर्मी के दस्तावेज से लोन लिया, जुर्म दर्ज

तोरवा पुलिस के अनुसार, बापूनगर निवासी रेलवेकर्मी संतोष कुमार को चचेरे भाई राहुल चौहान ने भारतीय स्टेट बैंक से लोन दिलाने की बात कही। पैसे की जरूरत होने पर उन्होंने लोन के लिए आधार कार्ड सहित दस्तावेज दे दिया और 6 कोरे चेक में हस्ताक्षर कर दिया। कुछ दिन बाद राहुल ने उन्हें बताया लोन पास नहीं हुआ है। एक साल बाद उन्हें पता चला मोपका स्टेट बैंक में उनके नाम पर 5 लाख 40 हजार का लोन है। लोन की रकम को चेक के माध्यम से उनके चचेरे भाई ने निकाल लिया है। उन्होंने चचेरे भाई से लोन का पैसा मांगा तो उसने पत्नी के नाम पर लोन लेकर पैसा लौटाने की बात कही। उसके बाद वह घुमाने लगा और धमकी देने लगा। पुलिस ने संतोष की रिपोर्ट पर राहुल चौहान के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# धान मंडी सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

**बिलासपुर।** नगर निगम अतिक्रमण शाखा टीम द्वारा गुरुवार को तोरवा धान मंडी क्षेत्र में बेजा कब्जा मामले में कार्रवाई की। यहां पर धान मंडी सड़क पर नाला के पास अतिक्रमण कर अवैध रूप से गुमटियां लगाकर दुकान संचालित की जा रही थी, जिसे नगर निगम की ओर से हटवाया गया है।

तोरवा धान मंडी नाला के पास सड़क पर लाइन से गुमटियां, ठेले लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है। ये गुमटी, ठेले अवैध रूप से सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर चलाए जा रहे थे, जिससे सड़क पर ट्रेफिक की समस्या उत्पन्न हो रही थी। आज नगर निगम के अतिक्रमण शाखा की टीम जेसीबी मशीन के साथ यहां कार्रवाई करने पहुंचे, जिससे वहां दुकानदारों में हडकंप मच गया। दुकानदार आनन-फानन में अपने दुकानों से सामान हटाने लगे तो कुछ लोगों द्वारा मोहलत की मांग की जा रही थी। लेकिन नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए 6-7 गुमटियों को जब्त किया गया और बाकी ठेले, गुमटियों को सड़क की जमीन से हटवाया गया।




### रैली की अनुमति के लिए संयुक्त कलेक्टर अधिकृत

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत रैली, सभा एवं प्रचार वाहनों की अनुमति के लिए जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर मनीष कुमार साहू को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने इसका आदेश जारी किया है। चुनाव प्रचार सभाओं एवं प्रचार वाहनों में लाउडस्पीकरों के उपयोग, चुनाव सभाओं, जुलूस, रैली, रोड शो आदि के लिए अनुमति लेना होगा।




# बिरंची दास ने किया एसईसीएल के निदेशक का पदभार ग्रहण

**बिलासपुर।** एसईसीएल के नवनियुक्त निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने पदभार ग्रहण कर लिया है। 21 मार्च को उनके एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, शीर्ष प्रबंधन, सीवीओ, एसईसीएल संचालन समिति के सदस्यों, कंपनी कल्याण मण्डल के सदस्यों व अफसरों ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। श्री दास ने पीएमआईआर विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, ओडिशा से कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध के क्षेत्र में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है। एसईसीएल आने से पहले श्री दास महाप्रबंधक कार्मिक/क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के रूप में जगन्नाथ एरिया महानदी कोलफ़ील्ड्स में कार्यरत थे। श्री दास ने वर्ष 1994 में देउलबेरा कोलियरी, तालचेर क्षेत्र, एमसीएल में कल्याण अधिकारी (टीआर) के रूप में अपना करियर शुरू किया। 29 वर्षों से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी सेवाएं दी। उन्होंने एमसीएल में गैर-अधिकारी कर्मियों के लिए आवास आवंटन समिति के नियमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सर्टिफाइड स्टैंडिंग



ऑर्डर, एमसीएल के प्रारूपण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। एमसीएल मुख्यालय में आईआर विभाग में अपनी पदस्थापना के दौरान उन्होंने कॉर्पोरेट स्तर पर मजबूत औद्योगिक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें श्रम कानून, अनुबंध श्रम प्रबंधन, को संभालने का लंबा अनुभव है। विदित हो कि इसी वर्ष जनवरी माह में तत्कालीन निदेशक (कार्मिक) की सेवानिवृति उपरांत एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

